

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 25 | रविवार, 08 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण पंचमी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रुपया



### मुख्यमंत्री ने आगरा में किया यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण

# उप्र बना विश्वास का प्रतीक, यही हमारी सबसे बड़ी पूंजी: मुख्यमंत्री

एजेंसी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज, सरकार व संस्थाएं एक साथ एक दिशा में सोचना शुरू करती हैं तो उसका परिणाम विश्वास में बदलता है। विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होनी चाहिए। इसके लिए लोगों को प्रयास करना होता है। यूपी आज विश्वास का प्रतीक बना है। मुख्यमंत्री शनिवार को आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश में मेडिकल क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं। स्वास्थ्य सुविधा सही, सस्ती और विश्वसनीय होनी चाहिए। उन्होंने आशा जताई कि यथार्थ ग्रुप अवश्य परिणाम देगा और लोगों को स्वस्थ जीवन देकर पुण्य अर्जित करेगा। सरकार भी इस क्षेत्र में हर सहयोग देने को तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा का अधिकार मिलना चाहिए और हर संप्रभु देश को अपने नागरिकों को यह सुविधा देनी चाहिए। 11 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में नई पहचान मिली है। हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते भारत को देख रहे हैं। यहां विरासत व विकास के अद्भुत समन्वय का स्वरूप है तो समग्र विकास की सभी अवधारणाओं को भी साकार रूप से उद्घाटित होते



हुए देख रहे हैं। हाईवे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो, रेलवे की नई लाइनें और टेक्नोलॉजी के साथ ही वंदे भारत, अमृत भारत, नमो भारत में यात्रा करने का आनंद प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है, लेकिन जब सरकार व समाज मिलकर कार्य करते हैं तो परिणाम कई गुना आता है। इस क्षेत्र में निजी निवेश आज की आवश्यकता है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक है कि सरकार भी प्रयास करे और निजी क्षेत्र भी आगे आएं। निजी क्षेत्र की तरफ से सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के लिए सरकार नई पॉलिसी लेकर आ रही है। नए मेडिकल कॉलेज के लिए भी कोई निवेश करता है तो सरकार सहयोग कर रही है। सीएम ने यथार्थ ग्रुप का आह्वान किया कि किसी जनपद में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए आगे आएं। सीएम ने कहा कि मेडिकल काउंसिल ने अपनी शर्तों को सरल किया है। यह सबसे अच्छा समय है, जब नए मेडिकल संस्थान स्थापित करके नौजवानों के लिए यूपी को मेडिकल की उच्चतम शिक्षा का केंद्र बना सकते हैं। सरकार हर सहयोग के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यथार्थ ग्रुप का आठवां हॉस्पिटल है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले देश में एक एम्स था, अटल जी ने इसकी संख्या छह और मोदी जी ने 23 तक पहुंचा दी। आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, ट्रिपल आईटी की लंबी श्रृंखला खड़ी हुई। जब देश बढ़ रहा है तो सबसे बड़ी आबादी का राज्य भी पीछे नहीं है। 2017 के पहले यूपी में केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, आज 81 मेडिकल कॉलेजों का संचालन हो रहा है। पहले प्रदेश में 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया' हावी थे। पहले सरकारों की सोच माफिया तक सीमित थी तो उन्होंने माफिया पैदा किए, जबकि डबल इंजन सरकार ने हर जनपद को मेडिकल कॉलेज दिया। आज प्रदेश में दो एम्स (रायबरेली व गोरखपुर) संचालित हो रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने विकास व वेलफ़ेयर स्कीम लागू की हैं। छह करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से निकलकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब कोई व्यक्ति बीमार होता था तो पूरे परिवार में कोहराम मच जाता था, सामान गिरवी रखने पर मजबूर हो जाता था। आज मोदी जी ने स्वास्थ्य बीमा के रूप में आयुष्मान भारत का कवर दिया है। यूपी में 5.60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किए गए हैं। यह संख्या बहुत जल्द 10 करोड़ तक पहुंचने वाली है। राज्य में शिक्षामित्रों, शिक्षकों, अनुदेशकों, आंगनबाड़ी व आशा वर्कर और रसोइयों की संख्या 10 लाख से अधिक है। इन्हें भी पांच लाख की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष से 1300 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। यूपी के हर जनपद में फ्री डायलिसिस, सीटी स्कैन समेत अनेक सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही दुनिया की नई तकनीकें लाने का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडटेक के लिए आईआईटी कानपुर व एसजीपीजीआई लखनऊ में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बन रहे हैं। दवाएं बाहर से न आएं, बल्कि इनका प्रोडक्शन यूपी में हो, इसके लिए ललितपुर में 1500 एकड़ में फॉर्मा पार्क विकसित कर रहे हैं। मेडिकल उपकरणों की भी मैन्युफैक्चरिंग यूपी में हो, इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना हो रही है। प्रदेश में आज टेली मेडिसिन की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर संत विजय कौशल जी महाराज, केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड) के संयुक्त प्रचार प्रमुख कृपाशंकर, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य व योगेंद्र उपाध्याय, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, छोटेलाल वर्मा, बाबूलाल चौधरी, धर्मपाल सिंह व जीएस धर्मेश, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, यथार्थ ग्रुप के चेयरमैन अजय त्यागी, प्रबंध निदेशक कपिल त्यागी व निदेशक यथार्थ त्यागी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की कथनी और करनी में अंतर : अखिलेश यादव

एजेंसी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मंहगाई कम करने की बात की थी। दूसरी तरफ टैक्स लगा रही है। गाड़ियों पर सरकार 60 से 70 प्रतिशत टैक्स वसूल रही है।आज ही 60 रुपये एलपीजी के दाम बढ़ा दिए हैं। इस सरकार में मुनाफाखोरी और भ्रष्टाचार महंगाई का कारण है। जब भाजपा सरकार जाएगी, तभी महंगाई घटेगी। यह बातें शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही। वे पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी में थर्मल प्लांट सबसे ज्यादा समाजवादी सरकार में लगे हैं। पिछले 10 साल में भाजपा बताए कि एक भी प्लांट इन्होंने लगाया हो। अखिलेश ने कहा कि ये सबसे भ्रष्ट सरकार है। भाजपा के नए गाने पर कराएंगे केस

प्रेस कांफ्रेंस में गाना चलाया गया ''सपा के आवै दा सत्ता में, कट्टा सटा के उठा लेव घारा से...'', को लेकर अखिलेश यादव ने नाराजगी जताई। बोले, बताओ क्या हम लोग ऐसा गाना बना सकते हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमारी पार्टी को बदनाम करने के लिए गाना बनाया है। भाजपा के नए गाने पर हम एफआईआर लिखाएंगे। उन्होंने कहा कि एफआईआर लिखने के बाद भी कोई पकड़ा नहीं जायेगा, गारंटी है।

सपा अध्यक्ष ने चुनाव आयोग पर भी बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग झूठा है। उनसे ये पूछिए नन्द लाल



का वोट बनवाने वाला कौन था? दस्तखत करने वाला कौन था? सपा ने शोर न मचाया होता तो ये हर विधानसभा में वोट काटते। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार, सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए काम करेंगे। इस दौरान अखिलेश ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को बधाई दी।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक शिवपाल सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यूपी की भाजपा सरकार में बजट का 70 प्रतिशत लूट पाट में चला जाता है। 20 फीसदी ठेकेदार, शेष इंजीनियर/अधिकारी बजट को हड़प लेते हैं। पिछले 9 साल से सड़कों के गड्ढा भरने के नाम पर नई लूट स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि सड़क पर रहने वाले ट्रांसपोर्टर्स को सरकार लूट रही है। भाजपा सरकार ने सारे रिकॉर्ड भ्रष्टाचार के तोड़ दिए हैं। अब उत्तर प्रदेश में माहौल पूरी तरह से बनता जा रहा है। हम सब लोगों की जिम्मेदारी है कि इस सरकार को बहुत जल्दी हटा देना है। इस तैयारी के साथ पार्टी नेता और कार्यकर्ता आने वाले 2027 चुनाव में जुट जाएं ताकि बीजेपी को यूपी की सत्ता से बाहर करने में सफल हों सके। दिल्ली टेम्पो टैक्सी ट्रेड यूनियन कांग्रेस के रवि राठौर मंच से बोले कि भाजपा सरकार में ड्राइवर्स की बहुत दुर्दशा है। उन्होंने बढ़ते रोड टैक्स का मामला सपा प्रमुख के सामने उठाया। इस दौरान इंडियन फ़ेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के लोग भी प्रेसवार्ता में मौजूद रहे।

इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में संतकबीर नगर से कांग्रेस पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रहे राहुल पांडेय सपा का दामन थामते हुए साइकिल पर सवार हो गए। वहीं पूर्व डीआईजी राम शरत राम, प्रगति शील शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में आए लोग सपा में शामिल हुए। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ नेता राजेन्द्र चौधरी, विधान परिषद में सपा के दल नेता लालबिहारी यादव प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल समेत पार्टी नेता मौजूद रहे।

### जींद: सफीदों की रंग फैक्टरी में भीषण आग, चार महिलाओं की मौत, 20 से अधिक मजदूर झुलसे

जींद। हरियाणा के जींद जिले के सफीदों के भाट कॉलोनी स्थित होली का रंग बनाने वाली फैक्ट्री में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में चार महिलाओं की जलकर मौत हो गई और 20 से अधिक मजदूर झुलस गए। फैक्ट्री का मुख्य गेट बंद होने से मजदूर अंदर फंस गए। आग कुछ ही मिनटों में पूरे परिसर में फैल गई, जिससे धुआं और लपटों के बीच चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों और फायर ब्रिगेड ने बचाव कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से झुलसे मजदूरों को सफीदों और जींद के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। कई की हालत गंभीर होने पर उन्हें पानीपत अस्पताल रेफर किया गया है।घटना की सूचना पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा और एसपी कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण बताया जा रहा है। फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों के पालन और गेट बंद होने के कारणों की जांच की जा रही है।

### बंगाल में भाजपा सरकार बनी तो महिलाओं की सुरक्षा होगी सर्वोच्च प्राथमिकता : मिथुन चक्रवर्ती

कोलकाता । दादा साहेब फाल्के और पद्म भूषण से सम्मानित अभिनेता तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मिथुन चक्रवर्ती ने शनिवार को राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में आज सबसे बड़ी समस्या लोगों की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। परिवर्तन यात्रा के संदर्भ में कोलकाता के साल्ट लेक स्थित भाजपा के राज्य कार्यालय में आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि आज ऐसी स्थिति बन गई है कि स्वयं राज्य की मुखिया महिलाओं को रात के बाद बाहर न निकलने की सलाह दे रही हैं, जो एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक संकेत है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब कोलकाता में लोग देर रात तक बिना भय के आवाजाही करते थे, लेकिन अब वह माहौल नहीं रहा। उन्होंने राज्य में बढ़ती हिंसा और अस्थिरता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हत्या, बमबाजी और राजनीतिक हिंसा लगभग रोजमर्रा की घटनाएं बन गई हैं।

# राज्यपाल आरएन रवि 'भाजपा के कार्यकर्ता, बोस को केंद्र के दबाव में हटाया : ममता बनर्जी

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कंग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य के नए राज्यपाल के रूप में आने वाले आरएन रवि ल्लभारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताङ्क हैं और सीवी आनंद बोस का अचानक पद छोड़ना केंद्र सरकार के दबाव का परिणाम है।

मतदाता सूची से नाम हटाने के विरोध में चल रहे अपने धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन समर्थकों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार विधानसभा चुनाव से पहले लोक भवन को राजनीतिक केंद्र में बदलने की कोशिश कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या आपने देखा कि आनंद बोस को कैसे हटाया गया? मुझे सब पता है। उन्हें धमकी दी गई थी। वे लोग लोक भवन से पैसा बांटना चाहते हैं और उसे भाजपा का दफ्तर बनाना चाहते हैं,



लेकिन दिल्ली की हर इच्छा यहां पूरी नहीं होगी।


ममता बनर्जी ने बिना किसी विशेष उदाहरण का उल्लेख किए आरएन रवि के तमिलनाडु में कार्यकाल पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उन्हें वहां उच्चतम न्यायालय की कई टिप्पणियों का सामना करना पड़ा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति अब पश्चिम बंगाल आ रहे हैं, उनके बारे में सुना है कि उन्हें उच्चतम न्यायालय से कई फटकार मिली थीं। वह भाजपा के कार्यकर्ता हैं। लेकिन याद रखें, पश्चिम बंगाल अलग जगह है। तमिलनाडु में जो किया, यहां वह नहीं कर पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र किसी को भी अपना कार्यकाल पूरा करने नहीं दे रहा है। इस संदर्भ में उन्होंने पूर्व राज्यपाल और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का भी उल्लेख किया। ममता बनर्जी ने केंद्र की कार्यशैली की तुलना मध्यकालीन शासक मुहम्मद बिन तुगलक से करते हुए कहा कि यदि राज्य को धमकाने की कोशिश की गई तो भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार को गिराने की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। गौरतलब है कि, पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस के अचानक इस्तीफ़े के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें जानकारी दी है कि आरएन रवि पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल का पद संभालेंगे, हालांकि उन्होंने अभी तक औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण नहीं किया है।

# लखनऊ : स्वतंत्र देव सिंह गोसाईगंज के दुल्हापुर ग्राम पंचायत से करेंगे जल महोत्सव की शुरूआत

एजेंसी

लखनऊ । प्रदेश के हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने की मुहिम में योगी सरकार एक नया अध्याय लिखने जा रही है। रविवार 8 मार्च से 22 मार्च तक प्रदेश के 100 प्रतिशत पाइप्ड वॉटर सप्लाई वाले गांवों में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत रविवार को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह राजधानी के गोसाईगंज स्थित हुसैनाबाद दुल्हापुर ग्राम पंचायत से करेंगे। इस दौरान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ग्राम पंचायत में जलापूर्ति की पूरी जिम्मेदारी ग्रामवासियों को सौंपेंगे। जल अर्पण गांव बनने के बाद गांव में पानी आपूर्ति की पूरी व्यवस्था ग्रामीण खुद संभालेंगे, जिसका नेतृत्व ग्राम प्रधान करेंगे। रविवार को होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश में 22,000 से अधिक गांव हर घर जल घोषितअपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव



ने बताया कि 8 मार्च से 22 मार्च तक चलने वाले जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के लगभग 22,000 से अधिक गांवों में किया जाएगा। इन गांवों में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन 100 प्रतिशत घरों में जलापूर्ति कर रहा है। प्रदेश के जिन गांवों में 100 प्रतिशत जलापूर्ति कराने का काम पूरा कर लिया गया है। अब उन गांवों की ग्राम पंचायतों के हाथों में पूरी व्यवस्था देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जाएगा 10 साल तक कार्यदायी संस्था की होगी रखरखाव की जिम्मेदारीउत्तर प्रदेश में चल रही जल जीवन मिशन योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका दीर्घकालिक और टिकाऊ मॉडल है।


### जन औषधि केंद्रों से रोजाना 15 लाख से अधिक लोग खरीदते हैं दवाइयां: नड्डा

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज जन औषधि दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि हम प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना की उस महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानें, जिसके माध्यम से देशभर के लोगों तक सस्ती दवाइयां पहुंचाई जा रही हैं। मोदी सरकार की यह पहल कम कीमत वाली जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता को मजबूत बना रही है। नड्डा ने शनिवार को एक्स पोस्ट पर कहा कि आज देश के शहरों, कस्बों और गांवों में लगभग 18,000 जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो लोगों के घरों के नज़दीक आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध करा रहे हैं। ये केंद्र परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी खर्चों को संभालने में मदद कर रहे हैं और इलाज के आर्थिक बोझ को कम कर रहे हैं। वर्तमान में 15 लाख से अधिक लोग प्रतिदिन इन केंद्रों से दवाइयां खरीदते हैं, जिससे जन औषधि केंद्र लाखों लोगों के लिए एक विश्वसनीय और किफायती स्वास्थ्य समाधान बन गए हैं। उल्लेखनीय है कि जन औषधि दिवस भारत के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स द्वारा आयोजित एक वार्षिक जागरूकता अभियान है।

# संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित महिलाओं की स्थिति पर गठित आयोग के 70वें सत्र में भाग लेंगी सावित्री ठाकुर

एजेंसी

नई दिल्ली । महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर 9 से 12 मार्च तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगी। इस दौरान वे संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित महिलाओं की स्थिति पर गठित आयोग के 70वें सत्र में भाग लेंगी। महिलाओं की स्थिति पर आयोग लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए समर्पित प्रमुख वैश्विक अंतर-सरकारी निकाय है। इस यात्रा के दौरान मंत्री आयोग की चर्चा में भारत की ओर से वक्तव्य देंगी। इसके अलावा वे ल्लमहिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हिंसा विषय पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को भी संबोधित करेंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बयान के अनुसार सावित्री ठाकुर अपने संबोधन में महिला-नेतृत्व वाले विकास, न्याय तक बेहतर पहुंच तथा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए भारत की पहलों को उजागर करेंगी। मंत्री एक साइड इवेंट में भी भाग लेंगी जिसका विषय होगा- महिला-नेतृत्व वाला विकास और दक्षिण-दक्षिण सहयोग फंड की सफलता की कहानियां है। यह कार्यक्रम न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी



मिशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें भारत-ब्राज़ील-दक्षिण अफ्रीका फंड के तहत चलाए गए सफल विकास सहयोग कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया जाएगा, विशेषकर वे पहल जो महिलाओं के सशक्तीकरण और ग्लोबल साउथ के देशों में समावेशी विकास को मजबूत करने पर केंद्रित हैं।

सीएसडब्ल्यू -70वें सत्र के मुख्य विषयों में सभी महिलाओं और बालिकाओं के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित और मजबूत करना, जिसमें समावेशी और समान कानूनी व्यवस्था को बढ़ावा देना, भेदभावपूर्ण कानूनों, नीतियों और प्रथाओं को समाप्त करना तथा संरचनात्मक बाधाओं को दूर करना शामिल है। समीक्षा विषय के तहत सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की पूर्ण और प्रभावी भागीदारी और निर्णय-निर्माण तथा महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। यह 65वें सत्र के सहमति निष्कर्षों के अनुरूप होगा।

# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक बाहर होंगे घुसपैठिया : अमित शाह

एजेंसी

हरिद्वार । उत्तराखंड में हरिद्वार के बैरागी कैंप में आयोजित ल्लजन-जन की सरकार, 4 साल बेमिसालङ्क कार्यक्रम में विशाल जनसमूह को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर करने के लिए संकल्पबद्ध है। वोटर लिस्ट का शुद्ध होना लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार राज्य की समस्याओं को चुन-चुन कर हल कर रही है और इसी कारण राज्य तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए अमित शाह ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए उत्तराखंड के युवाओं को सड़कों पर उतरना पड़ा और रामपुर तिराहा कांड जैसी दुखद घटनाओं का सामना करना पड़ा। बाद में पूर्व



प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे नए राज्यों का गठन हुआ, जो आज तेजी से विकास कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि उन्होंने पहले भी कहा था कि ल्लउत्तराखंड को अटल जी ने बनाया है और अब इसे संवारने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।ङ्क उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से 2026 तक का समय उत्तराखंड के विकास को समर्पित रहा है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते चार वर्षों में राज्य की कई समस्याओं का समाधान किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने नई न्याय संहिता का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजों के समय से चले आ रहे लगभग 150 साल पुराने कानूनों को बदलने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 तक नई न्याय संहिता के सभी प्रावधान पूरी तरह लागू हो जाएंगे। इसके बाद किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय तक फैसला आने में अधिकतम तीन वर्ष का समय लगेगा। उन्होंने इसे दुनिया की सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक न्याय व्यवस्था बताया। अमित शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारत की नागरिकता प्राप्त करने वाले शरणार्थियों को बधाई दी।

### प्रधानमंत्री ने कोटा एयरपोर्ट का शिलान्यास किया, कहा- हाड़ौती क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कोटा एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि यह आधुनिक हवाई अड्डा हाड़ौती क्षेत्र के विकास को नई गति देगा और आने वाले समय में यहां व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ सहित पूरे हाड़ौती क्षेत्र के लिए आज का दिन नई उम्मीद और नई उपलब्धि का दिन है। लगभग 1500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह आधुनिक एयरपोर्ट आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के विकास को नई गति देने वाला है। उन्होंने कहा कि जब यह एयरपोर्ट चालू हो जाएगा तो कोटा सहित पूरे इलाके में यात्रा आसान होगी और व्यापार तेजी से बढ़ेगा। पहले लोगों को हवाई यात्रा के लिए जयपुर या जोधपुर जाना पड़ता था लेकिन अब क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कोटा को शिक्षा और ऊर्जा का अनोखा केंद्र बताते हुए कहा कि यहां परमाणु, कोयला, गैस और जल से बिजली उत्पादन होता है। कोटा डोरिया साड़ियों, कोटा स्टोन और बूंदी के बासमती चावल जैसे स्थानीय उत्पादों को भी इस एयरपोर्ट से नई पहचान और बाजार मिलेगा। क्षेत्र में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं।

# अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर, सड़क-बाउंड्री ध्वस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** होली का पर्व खत्म होते ही बीडीए ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्ती फिर तेज कर दी है। शनिवार को बीडीए की प्रवर्तन टीम ने फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में बिना अनुमति विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त कर दिया।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मनिकंडन के अनुसार ठिरिया खेतल में शेखावत द्वारा प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना करीब 7000 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। यहां भूखंडों का चिन्हांकन कर प्लॉट काटे जा रहे थे और कॉलोनी के अंदर सड़क व बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा था। शिकायत मिलने पर बीडीए की टीम ने मौके पर जांच की, जिसमें पूरा निर्माण अवैध पाया गया।

इसके बाद सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह, अवर अभियंता संदीप कुमार और प्रवर्तन टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। अचानक हुई कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और निर्माण कार्य पूरी तरह रोक दिया गया।

# केके बिश्नोई की दुल्हनिया बनेंगी आईपीएस अंशिका वर्मा

- 29 मार्च को लेंगे सात फेरे
- 30 को जोधपुर में होगा रिसेप्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** एसपी दक्षिणी आईपीएस अंशिका वर्मा और संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई (केके बिश्नोई) जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों अधिकारियों के परिवारों की मुलाकात के बाद रिश्ता तय हुआ था, जो अब साकार होने जा रहा है। शादी के लिए बाकायदा कार्ड भी छप चुके हैं और तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

दोनों आईपीएस अधिकारियों के विवाह समारोह की शुरुआत 28 मार्च से होगी। इससे पहले महिला संगीत का कार्यक्रम रखा गया है। 28 मार्च को बाड़मेर के कृष्ण निवास से कृष्ण कुमार बिश्नोई बरात लेकर पहुंचेंगे। 29 मार्च की सुबह विदाई का कार्यक्रम होगा, जबकि 30 मार्च को जोधपुर के एक रिसॉर्ट में भव्य रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा।

### वरिष्ठ अधिकारी और नेता भी होंगे शामिल

इस विवाह समारोह में बरेली के एसएसपी अनुराग आर्य समेत कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ राजनेताओं के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश के दो चर्चित आईपीएस अधिकारियों की शादी को लेकर प्रशासनिक और सामाजिक हलकों में काफी चर्चा है।

### मुख्यमंत्री योगी के विश्वस्त अधिकारियों में गिने जाते हैं केके बिश्नोई

संभल में मस्जिद प्रकरण के बाद चर्चा में आए एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विश्वस्त अधिकारियों में गिने जाते हैं। वह 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और राजस्थान के बाड़मेर जिले के मूल निवासी हैं। वह एक प्रतिष्ठित बिश्नोई परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

### कौन हैं आईपीएस अंशिका वर्मा

आईपीएस अंशिका वर्मा 2021 बैच की अधिकारी हैं और मूल रूप से प्रयागराज की रहने वाली हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद बिना किसी कोचिंग के सेल्फ स्टडी के जरिए सिविल सेवा परीक्षा पास की। सितंबर 2024 में उनकी तैनाती बरेली में एसपी दक्षिणी के पद पर हुई थी। इससे पहले वह गोरखपुर में एएसपी के रूप में कार्यरत थीं। अंशिका वर्मा महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम और तकनीकी आधारित पुलिसिंग के मामलों में सक्रिय और प्रभावी कार्यशैली के लिए जानी जाती हैं।

### महिला सशक्तिकरण के लिए मिला वुमेन आइकन अवार्ड

मार्च 2025 में दिल्ली में ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित पांचवें वार्षिक महिला शिखर सम्मेलन में आईपीएस अंशिका वर्मा को वुमेन आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया था। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया था।

# 65 करोड़ से चमकेगा शहर विकास की दौड़ेगी रफ्तार

15वें वित्त आयोग के टाइड और अनटाइड मद से होंगे विकास कार्य, इसी सप्ताह होगी बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप शहर की विकास को रफ्तार देने के लिये नगर निगम ने कवायद तेज कर दी है। शहर में बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम करीब 65 करोड़ रुपये खर्च करने की तैयारी में है। यह धनराशि 15वें वित्त आयोग के टाइड और अनटाइड मद से विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने 15वें वित्त आयोग की बैठक बुलाने के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें करीब 65 से 70 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी।



### सड़क, नाली और पेयजल सुधार पर फोकस

नगर निगम की योजना के तहत इस बजट से शहर की सड़कें दुरुस्त करने, नालियों-नालों के निर्माण व मरम्मत तथा पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।


अधिकारियों का कहना है कि कई इलाकों में लंबे समय से सड़क और जलनिकासी से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही थीं, जिन्हें इस योजना के तहत प्राथमिकता से दूर किया जाएगा।

### 65 करोड़ के प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

इस बैठक में करीब 65 करोड़ रुपये के विकास प्रस्तावों को अंतिम स्वीकृति दी जाएगी। प्रस्ताव पारित होते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कराकर काम को जमीन पर उतारने की तैयारी है, ताकि जल्द ही शहर में विकास कार्य दिखाई देने लगें। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने संबंधित अधिकारियों को बैठक की तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने प्रस्तावों का पूरा ब्यौरा तैयार कर बैठक में प्रस्तुत करें, ताकि विकास कार्यों को जल्द मंजूरी देकर शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत मिलने वाली धनराशि का उपयोग तय मानकों के अनुसार किया जाएगा, ताकि शहर के विकास को गति दी जा सके और लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान हो सके।

# एलपीजी सिलेंडर महंगे, घरेलू गैस 60 रुपये बढ़कर 931

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब आम लोगों की रसोई तक पहुंचने लगा है। शनिवार से बरेली में एलपीजी सिलेंडरों की नई दरें लागू कर दी गई हैं। घरेलू और व्यावसायिक दोनों तरह के सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है, जिससे आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों की लागत भी बढ़ेगी।

नई दरों के अनुसार 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद अब बरेली में घरेलू सिलेंडर 931 रुपये में मिलेगा। वहीं 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में करीब 115 से 119 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। अलग-अलग कंपनियों के कॉमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में थोड़ा अंतर हो सकता है।

जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) मनीष कुमार सिंह ने बताया कि बरेली जिले में करीब 10 लाख एलपीजी उपभोक्ता हैं। इनमें से 4.16 लाख उपभोक्ता उज्ज्वला योजना के तहत जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में एलपीजी की सप्लाई पर्याप्त है और किसी तरह की कमी नहीं है। नई व्यवस्था के तहत अब घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग के बाद दूसरी रिफिल के लिए 21 दिन का इंतजार करना होगा। यानी एक सिलेंडर बुक कराने के बाद दूसरा सिलेंडर तीन सप्ताह बाद ही बुक किया जा सकेगा।

उत्तर प्रदेश एलपीजी गैस डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव आदर्श शर्मा के अनुसार पेट्रोलियम कंपनियों ने एहतियातन यह नियम लागू किया है। इससे उन परिवारों को दिक्कत हो सकती है जिनके घर में शादी-समारोह या अन्य आयोजन होने वाले हैं। हालांकि ऐसे आयोजनों के लिए कॉमर्शियल सिलेंडर की बुकिंग पर किसी तरह की समय सीमा लागू नहीं है। इंडेन पेट्रोलियम कंपनी की ओर से जारी पोस्टर में उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे घबराएं नहीं। जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई सामान्य रूप से जारी रहेगी।

# कर बकायेदारों पर निगम सख्त, 12 संपत्तियों पर सील

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नगर निगम ने संपत्ति कर बकाया रखने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए शनिवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 12 संपत्तियों पर सीलिंग की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने मौके पर ही 7.59 लाख रुपये का बकाया संपत्ति कर भी वसूल किया। निगम की इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी के निर्देशन में नगर निगम की टैक्स टीम ने जोन-1, जोन-2 और जोन-3 में अभियान चलाया। जांच के दौरान जिन संपत्तियों पर लंबे समय से संपत्ति कर बकाया था और नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं किया गया था, उन पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने जोन-1 में तीन, जोन-2 में पांच और जोन-3 में चार संपत्तियों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान कई संपत्ति स्वामियों ने सीलिंग से बचने के लिए मौके पर ही बकाया कर जमा कर दिया।

अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने बकायेदारों से कुल 7.59 लाख रुपये का संपत्ति कर वसूल किया। निगम अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और बड़े बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि जिन संपत्ति स्वामियों पर संपत्ति कर बकाया है, वे जल्द से जल्द कर जमा कर दें। अन्यथा उनके खिलाफ सीलिंग, कुर्की और अन्य सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नौ माह की गर्भवती पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद, 35 हजार जुर्माना

**बरेली।** दहेज के लिए प्रताड़ना और गर्भवती पत्नी की मौत के मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-1 कुमारी अफशां ने सुभाषनगर क्षेत्र के मढ़ीनाथ निवासी गोविंद सिंह को दहेज हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

मामला वर्ष 2020 का है। कैलाश कॉलोनी निवासी वीरपाल ने बेटी पूनम यादव की संदिग्ध मौत पर पति और सास-ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पूनम नौ माह की गर्भवती थी। सुनवाई के दौरान डॉक्टर की गवाही और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने पति को दोषी ठहराया, जबकि साक्ष्यों के अभाव में सास-ससुर को बरी कर दिया।

# बरेली क्लब टी-20 में डिफेंस इलेवन विजयी

- सिविलियन इलेवन को 22 रन से हराया
- राठौर की 83 रन की पारी से जीत आसान बनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली क्लब लिमिटेड की परंपरागत वार्षिक टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में इस बार डिफेंस इलेवन ने सिविलियन इलेवन को 22 रन से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। क्लब के हरे-भरे मैदान पर नई तैयार पिच पर खेले गए इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों ने भी जमकर उत्साह बढ़ाया।

मैच के मुख्य अतिथि उत्तर भारत मुख्यालय के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल इरविंदर सिंह गिल (वीएसएम) और बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम रहे। महापौर डॉ. गौतम ने सिविलियन इलेवन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए अहम योगदान भी दिया। टॉस जीतकर डिफेंस इलेवन के कप्तान कर्नल कृष्ण कुमार यादव ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम की ओर से कप्तान तख्त सिंह राठौर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 53 गेंदों में 6 छक्कों की मदद से 83 रन बनाए। उनके इस आक्रामक प्रदर्शन की बदौलत डिफेंस इलेवन ने निर्धारित ओवरों में 197 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लेफ्टिनेंट कर्नल हिम्मत सिंह ने भी 34 गेंदों में तीन छक्कों के साथ 39 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। सिविलियन इलेवन की ओर से प्रियांक खंडेलवाल ने 31 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि शिवांक खंडेलवाल ने एक विकेट हासिल किया।

### लक्ष्य का पीछा करते हुए सिविलियन इलेवन ने किया संघर्ष

198 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिविलियन इलेवन ने शुरुआत से ही संघर्ष किया। टीम की ओर से मयंक सिंह ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 65 रन बनाए और टीम को जीत की ओर ले जाने का प्रयास किया। हालांकि अन्य बल्लेबाज ज्यादा देर तक टिक नहीं सके और टीम 174 रन पर ही सिमट गई। डिफेंस इलेवन की ओर से लेफ्टिनेंट कर्नल हर्ष अवस्थी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिए। कर्नल पंकज पंत ने भी 30 रन देकर दो विकेट झटके। इसके अलावा मेजर ऋषि शर्मा, मेजर भाविक, लेफ्टिनेंट कर्नल हिम्मत सिंह, स्क्वाड्रन लीडर निकुंज और कर्नल कृष्ण कुमार यादव ने भी विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

### पुरस्कार वितरण और भव्य भोज का आयोजन

मैच समाप्त होने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मैन ऑफ द मैचः कप्तान तख्त सिंह राठौर, सर्वश्रेष्ठ फील्डरः मनीष सहगल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः कर्नल पंकज पंत, फेयर प्ले पुरस्कारः मेयर डॉ. उमेश गौतम को मिला। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंपायर उपलब्ध कराए गए और स्कोरबोर्ड संचालन की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में क्लब सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल कमलजीत सिंह और क्लब स्टाफ की व्यवस्थाओं की सदस्यों ने सराहना की। निदेशक मंडल की ओर से राजा चावला, अनंत बीर सिंह, सौरभ मेहरोत्रा, विपिन अग्रवाल और मनीष सहगल मौजूद रहे। मैच की कमेंट्री राजीव गुप्ता, आनंद प्रकाश गोयल और अजय शुक्ला ने की।

# अतिक्रमण हटाने पर बवाल व्यापारियों ने निगम टीम को घेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** कोहड़ापीर से धर्मकांटा चौराहे तक चल रहे सीएम ग्रिड सड़क निर्माण कार्य के दौरान शनिवार को अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर जैसे ही भारत सेवा ट्रस्ट के सामने पहुंची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, वैसे ही आसपास के व्यापारी भड़क उठे और विरोध शुरू कर दिया। कुछ ही देर में मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई।

नगर निगम की टीम ने सीएम ग्रिड परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया। निगम के कर्मचारी और अधिकारी बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचे और भारत सेवा ट्रस्ट के सामने बनी दुकानों के आगे रखे टीन शेड और अन्य निर्माण को हटाने लगे। बुलडोजर चलते ही स्थानीय व्यापारियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर एकत्र हो गए और नगर निगम की टीम का घेराव कर लिया। इस दौरान कुछ देर तक बहस और नोकझोंक भी होती रही।

# तहसील समाधान दिवस में एडीएम व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुनीं फरियाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली/बहेड़ी।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान एडीएम पूर्णिमा सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को जांच और समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया। तहसील दिवस में किसानों ने गन्ना भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसानों ने एडीएम से शिकायत कर जल्द से जल्द बकाया गन्ना भुगतान कराए जाने की मांग की। इसके अलावा आधार कार्ड और राशन कार्ड से संबंधित कई शिकायतें भी सामने आईं।



एडीएम पूर्णिमा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शिकायतों का सही व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर तहसीलदार भानू प्रताप सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी शेरगढ़भानु प्रताप सिंह तथा मुख्य सेविका कौशिकी शर्मासहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# लाइट का तार हटाते समय करंट की चपेट में आया खिलाड़ी, इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र के सेवा ज्वालापुर गांव में शुक्रवार रात वॉलीबॉल मैच खेलने के बाद हैलोजन लाइट का तार हटाते समय एक युवक को करंट लग गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया।

### मैच के बाद लाइट बंद करते समय हुआ हादसा

ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहरी हिस्से में मंदिर के पास एक मैदान है, जहां गांव के युवक रोज रात में वॉलीबॉल खेलते हैं। खिलाड़ियों ने खंभे पर हैलोजन लाइट और नेट लगाकर अस्थायी व्यवस्था कर रखी है। शुक्रवार रात भी युवक मैच खेलने पहुंचे थे। मैच खत्म होने के बाद रात करीब दस बजे युवक हैलोजन लाइट बंद करने लगे। इसी दौरान एक युवक कूड़ेदान पर खड़े होकर खंभे पर डाला गया बिजली का तार हटाने लगा। तभी अचानक बिजली का तार 21 वर्षीय दुर्गा प्रसाद के हाथ से छू गया और उसे तेज करंट लग गया।



करंट का जोरदार झटका लगने से दुर्गा प्रसाद जमीन पर गिर पड़ा। साथी खिलाड़ियों ने तुरंत उसे उठाया और उपचार के लिए नजदीकी सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बरेली रेफर कर दिया। परिजन और साथी उसे आनन-फानन में बरेली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि मैदान में रोशनी के लिए खंभे से अवैध रूप से बिजली का तार डालकर हैलोजन लाइट लगाई गई थी। मैच के बाद इसी तार को हटाते समय यह हादसा हो गया।

# सड़क पार कर रहे ग्रामीण को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

- शाहबाद थाना क्षेत्र का मामला, परिजनों में मचा कोहराम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहबाद।** सड़क पार कर रहे ग्रामीण को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

थाना क्षेत्र के ढकिया चौकी क्षेत्र मधुकर गांव निवासी नेमचंद (70) शुक्रवार देर अपने खेत से घर लौट रहे थे। उसके बाद वह सड़क पार कर रहे थे। कि इस दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे के बाद उन्हें तुरंत उपचार के लिए शाहबाद सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर



मृतक का फाइल फोटो

दिया। घायल नेमचंद ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।बुजुर्ग की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ढकिया चौकी प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उसके बाद ही आगे की कार्यवाही होगी। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## दुकान में घुसी पिकअप, दीवार ढही

**स्वार।** शुक्रवार रात रामपुर मार्ग पर पिकअप चालक ने नशे में होने के कारण वाहन से नियंत्रण खो दिया।जिस कारण से गाड़ी सड़क किनारे बनी दुकान में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुकान की दीवार भर भराकर गिर गई। गनीमत रही कि उस समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।



घटना रामपुर रोड स्थित समोदिया गांव के पास शुक्रवार रात लगभग नौ बजे हुई। कोतवाली क्षेत्र के गांव धनपुर शाहदरा नई बस्ती निवासी सोनू पिकअप चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक नशे में था। इसी कारण वह वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका। अनियंत्रित पिकअप सीधे सड़क किनारे बनी मिलक काजी निवासी जाकिर की दुकान में जा घुसी। टक्कर लगते ही दुकान की दीवार पूरी तरह ढह गई। आसपास आवाज गूंज उठी। आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। चालक को गाड़ी से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों के अनुसार चालक पूरी तरह नशे में धुत था। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। लोग इस लापरवाही पर नाराजगी जताने लगे।बाद में गांव के सभ्रांत लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया। समझौते के अनुसार दुकान मालिक को हुए नुकसान की भरपाई चालक की ओर से की जाएगी। लेकिन किसी भी पक्ष ने थाने में तहरीर नहीं दी। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया है।

# अब महिलाएं अबला नहीं, बल्कि सबला बन चुकी : विनोद



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**स्वार।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदना सभा से हुई। जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने महिला दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि अब महिलाएं अबला नहीं, बल्कि सबला बन चुकी हैं और हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उन्होंने बताया कि देश की सबसे बड़ी परीक्षा यूपीएससी के परिणामों में भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने सफलता प्राप्त की है तथा उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में से 12 जिलों में महिला जिलाधिकारी के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, चिकित्सा, सेना, प्रशासन, राजनीति, व्यवसाय और पायलट जैसे क्षेत्रों में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। एक कुशल गृहिणी से लेकर महामहिम राज्यपाल और देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तक महिलाओं ने अपनी क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी महिलाओं की सशक्त भूमिका का उदाहरण हैं। इस अवसर पर आचार्य दीदी अंजलि मौर्य के साथ सभी बहनों ने संकल्प लिया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। अपने गांव, परिवार, समाज, क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी।

कार्यक्रम में बालिका शिक्षा प्रमुख राधा शर्मा, पर्यावरण प्रमुख सुनीता रानी मौर्य, वंदना प्रमुख पूजा टैगोर तथा वंदना प्रमुख बहनों में अंशिका, खुशी, विनीता, नंदिनी, माही, सोनाक्षी, नीरज और झिलमिल ने भाग लिया।

# रंगों की खुशी बनी खून की होली नाचने को लेकर भिड़े लोग

- नाच को लेकर भड़की हिंसा, लाठियों और सरियों से तीन को लहूलुहान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलासपुर/रामपुर।** रंगों के त्योहार की खुशियां उस समय दहशत में बदल गईं जब नाच को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक टकराव में बदल गया। अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में करीब एक दर्जन युवकों ने लाठी डंडों और सरियों से हमला कर दो किशोरों और एक युवती को बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

बताया जाता है कि होली के दिन गांव में नाच का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान सत्रह वर्षीय हिमांशु और पंद्रह वर्षीय अजय की गांव के ही निरंजन के बेटे से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। उस समय मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया और सभी को समझाकर अलग कर दिया गया। आरोप है कि कुछ समय बाद वही विवाद फिर से भड़क उठा। करीब एक दर्जन युवक चार से पांच मोटरसाइकिलों पर सवार होकर गांव की गली में पहुंचे। हिमांशु को घेर लिया।

इसके बाद हमलावरों ने लाठी डंडों और लोहे की सरियों से उस पर हमला कर दिया। हिमांशु को बचाने के लिए जब अजय और अठारह वर्षीय पिंकी आगे आए तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और तीनों को बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले की सूचना मिलते ही गांव में अफरा तफरी मच गई। शोर शराबा सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजन घायल तीनों को लेकर सीधे अजीमनगर थाने पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित शिव स्वरूप ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर लिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार हिमांशु को बेड संख्या छह, अजय को बेड संख्या पांच और पिंकी को महिला सर्जिकल वार्ड के बेड संख्या सत्रह पर भर्ती किया गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में गूंजा अधिवक्ताओं का आक्रोश

- चोरी का खुलासा न होने पर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**स्वार।** केमरी कस्बे में अधिवक्ता के घर हुई लाखों की चोरी का मामला अब प्रशासनिक दफ्तरों तक पहुंच गया है। घटना के करीब पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली होने पर सीनियर बार अधिवक्ताओं में गहरा रोष फैल गया।

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान स्वार के अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अमन देओल को ज्ञापन देकर मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा 20 फरवरी की रात केमरी कस्बे में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरिओम सक्सेना के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया था। उस समय परिवार किसी समारोह में शामिल होने के लिए



स्वार में एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता

बाहर गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने घर के ताले तोड़कर नकदी और कीमती जेवरात चोरी कर लिए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, लेकिन अब तक चोरी का कोई सुराग नहीं लग सका है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इतने दिनों बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से अधिवक्ता समुदाय में भारी नाराजगी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि चोरी की घटना का जल्द से जल्द खुलासा किया जाए। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में पुर सीनियर बार अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, मेहबूब अली, हरस्वरूप मौर्य, फारुख राज, रफीक अंसारी, सरफराज अहमद, राशिद खां, जाबिर अंसारी, ब्रज किशोर दिवाकर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो अधिवक्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे । इस घटना के बाद केमरी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

## सचिव पर मृत गोवंश के अंतिम संस्कार में लापरवाही का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में गौ रक्षा सेवा समिति ने एसडीएम आशुतोष कुमार को ज्ञापन सौंपकर मृत गोवंश के अंतिम संस्कार में लापरवाही बरतने के मामले में सचिव पर आरोप लगाया है। गौ रक्षा सेवा समिति के युवा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल का आरोप है कि ग्राम खरसोल में एक खेत में गाय की मौत हो गई, गोवंश के अंतिम संस्कार के लिए पंचायत सचिव को फोन लगाया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

जबकि मृत गोवंश को कुत्ते खाते रहे। जब सचिव ने संज्ञान नहीं लिया तो गोरक्षा सेवा समिति ने मृत गाय का अंतिम संस्कार कराया। लापरवाही करने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है।

# नारीः चेतना, साहस और सृजन की अखंड ज्योतिः निवेदिता

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महिला समन्वयक एवं विभाग संयोजिका निवेदिता मित्तल बताती है कि 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस अद्भुत शक्ति का उत्सव है जिसे हम नारी कहते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महिला समन्वयक एवं विभाग संयोजिका निवेदिता मित्तल ने नारी शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी।

मित्तल ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की प्रेरणा भी है। नारी वह शक्ति है जो ममता में माँ बनती है, संस्कारों में गुरु बनती है,



निवेदिता मित्तल

साहस में योद्धा बनती है और समर्पण में सम्पूर्ण सृष्टि को अपने आँचल में समेट लेती है। उनके भीतर करुणा का सागर और संकल्प का हिमालय दोनों मौजूद हैं। जब नारी मुस्कुराती है, तो घर-आँगन में उत्सव खिल उठते हैं, और जब वह संकल्प लेती है, तो इतिहास की दिशा बदल जाती है। आज की नारी शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति, कला और उद्यम–हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से यह सिद्ध कर रही है कि उसकी क्षमता सीमाओं में नहीं बांधी जा सकती। वह परिवार की धुरी भी है और समाज की दिशा भी।

नारी सशक्तिकरण केवल अधिकार प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपनी आत्मशक्ति को पहचानना और समाज में योगदान देना भी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मातृ शक्ति और आदर्श महिला जैसे कि अरुणा आस्फाल, सावित्रीबाई फुले के योगदान को प्रेरक मानने वाली स्वयं सेविकाएँ, और अन्य कई महिलाएं जिन्होंने हिंदुत्व एवं संघ के उद्देश्यों के लिए सेवा, शिक्षा और संस्कारों में निस्वार्थ योगदान दिया, आज भी समाज में प्रेरणा का स्त्रोत हैं। इन आदर्श महिलाओं ने अपने साहस, समर्पण और दृष्टि से अन्य महिलाओं को सशक्त बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग दिखाया है। नहीं बदलती–वह पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल बनाती है। नारी वह दीप है जो स्वयं जलकर संसार को रोशन करती है, नारी वह शक्ति है जो संघर्षों के बीच भी सृजन की राह दिखाती है,और नारी वह विश्वास है जिसके सहारे भविष्य की नई सुबह जन्म लेती है।

# नाले पर अवैध कब्जा होने से कालोनी में भरा गंदा पानी

- निवासियों ने प्रशासन से गुहार लगा कार्यवाही की मांग की

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलासपुर।** उत्तराखंड बार्डर स्थित अलायन्स साउथ एवेन्यू कालोनी के निवासियों ने नाले से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। उनका आरोप है कि जल निकासी के लिए बनी एकमात्र सरकारी नाले पर कुछ व्यक्तियों ने कब्जा कर लिया है। बरसात का पानी और उत्तराखंड की ओर से आने वाला गंदा पानी उचित निकासी न होने के कारण कालोनी में भर गया है।

लोगों का कहना है कि कागजों में दर्ज नाला अब धरातल पर कहीं दिखाई नहीं देता। पानी के जमाव के कारण सड़कों और घरों के आसपास दुर्गंध फैल रही है, जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कालोनी के लोगों ने कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन बिना किसी स्थलीय निरीक्षण के समस्या का निस्तारण झूठा बताया गया। प्रशासन द्वारा अब तक नाले को कब्जा मुक्त कराने की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायत करने वालों में स्वराज पाल सिंह, गुरजीत सिंह, राजेश कुमार, सोनू कुमार, जानकी देवी और लक्ष्मी समेत कई अन्य निवासी शामिल हैं। उनका कहना है कि प्रशासन जल्द नाले को मुक्त कराए ताकि बरसात और गंदे पानी से होने वाली समस्याओं से निजात मिल सके।

# निकाह का झांसा देकर एक साल तक किया शोषण

- सच्चाई खुली तो मारपीट और धमकी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलासपुर।** निकाह का झांसा देकर एक युवती के साथ लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने खुद को अविवाहित बताकर युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया और निकाह का वादा करते हुए करीब एक वर्ष तक उसका शोषण करता रहा। बाद में जब युवती को युवक के शादीशुदा होने की सच्चाई पता चली।उसने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई तथा अश्लील वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी गई।

मामला बिलासपुर नगर के एक मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाली युवती ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। युवती ने बताया कि वह तलाकशुदा है और उसकी लगभग साढ़े तीन वर्ष की एक बेटी भी है। वह बाईपास के पास स्थित एक ढाबे पर काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करती है।युवती के अनुसार करीब एक वर्ष पहले उसकी मुलाकात मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी एक युवक से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। युवती का आरोप है कि युवक ने खुद को अविवाहित बताते हुए उससे निकाह करने का वादा किया और इसी बहाने उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब भी युवती निकाह की बात करती, तो युवक कोई न कोई बहाना बना देता और कहता कि पहले उसकी बहन की शादी हो जाए, उसके बाद वह निकाह करेगा। कुछ समय बाद युवती को पता चला कि आरोपी पहले से ही शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं। इस सच्चाई के सामने आने के बाद युवती ने विरोध किया और उससे दूरी बनाने की कोशिश की। पीड़िता के अनुसार तीन फरवरी को आरोपी युवक ने उसे बहाने से बुलाया और मोटरसाइकिल पर बैठाकर रुद्रपुर की ओर ले जाने लगा। रास्ते में जब युवती को शक हुआ और उसने जाने से मना किया, तो युवक ने राजमार्ग पर मोटरसाइकिल रोक दी और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि युवक ने उसे धमकी दी कि यदि उसने किसी से शिकायत की तो वह उसका अश्लील वीडियो वायरल कर देगा और उसे जान से मार डालेगा। इसके बाद युवक उसे सड़क पर ही छोड़कर फरार हो गया।घटना से आहत युवती ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वह शुक्रवार को अपनी शिकायत लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंची, लेकिन उनके न मिलने पर कार्यालय में ही शिकायती पत्र दे दिया।

युवती ने बताया कि इससे पहले वह कोतवाली में भी तहरीर दे चुकी है और उच्च अधिकारियों को भी पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि युवती द्वारा दिए गए शिकायती पत्र की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रामपुर में हुआ होली मिलन और सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** रंग महल होटल में रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा होली मिलन और सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने शिरकत की और मिलकर इफ्तार किया।

रमजान के पवित्र माह में इस तरह के सामूहिक इफ्तार का विशेष महत्व होता है। लोग एक साथ बैठकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हैं। इस आयोजन में शहर के सभी केमिस्ट और दवा क्षेत्र से जुड़े श्रद्धालु शामिल हुए। इफ्तार के दौरान खजूर, फल, शरबत और अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे गए, जिन्हें सभी ने प्रेम और श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। उपस्थित लोगों ने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

पूरे कार्यक्रम में रूहानी शांति और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव नूर मोहम्मद खान,



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, नवीन सारस्वत, सोनू जिंदल, नरेंद्र कालरा, सौरभ गोयल, राजेंद्र कुमार गुप्ता, रवि अग्रवाल, विक्की बंसल, पारस जिंदल, महमून खान, शैलेंद्र शर्मा, समर्थ आहूजा और अन्य वरिष्ठ सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे। आयोजन के अंत में नमाज अदा की गई। फाजियान साहब ने मुल्क में अमन-चैन की दुआ कर सभी को आशीर्वाद दिया। उपस्थित लोगों ने रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सफल आयोजन बताया।

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी: डीएम

**● सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं, चकरोड कब्जा मुक्त कराने के निर्देश**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील स्वार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 12 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया।

संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत, पुलिस, भूमि पैमाइश, आवास, राशन कार्ड से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना प्राप्त हुए।समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा जिलाधिकारी को ग्राम पंचायत अलीनगर जागीर एवं ग्राम पंचायत रसूलपुर फरीदपुर में चकरोड पर अवैध कब्जा के सम्बन्ध में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर जिलाधिकारी ने


लोगों की समस्याएं सुनते डीएम

मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर मुआयना करने तथा चकरोड को कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने दूरदराज से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायती पत्रों को गम्भीरतापूर्वक सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शिकायतकताओं की शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ लिया जाए।उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायत के निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता को भी अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान खतौनी में नाम सही कराने के लिए आए लोगों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही खतौनी की नकल उपलब्ध कराई। जिससे फरियादियों को त्वरित राहत मिली।इसी प्रकार तहसील टाण्डा में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया।

जिसमें 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिसमें 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।इसके अतिरिक्त तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें प्राप्त हुई। 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी शाहबाद की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया।जिसमें कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया।

# नगर पालिका की लीज जमीन को बना दिया निजी कारोबार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलासपुर।** नगर पालिका परिषद की लीज भूमि को लेकर एक गंभीर और चौंकाने वाली स्थिति सामने आ रही है। नगर पालिका परिषद बिलासपुर की लीज पर दी गई भूमि पर वास्तविक लीजधारकों का कब्जा मात्र लगभग 2 प्रतिशत ही बताया जा रहा है, जबकि शेष अधिकांश लीज संपत्तियों पर अन्य लोगों का अवैध कब्जा बना हुआ है। आरोप है कि इन लीज संपत्तियों को बिना जिला अधिकारी की अनुमति के कई बार करोड़ों रुपये में खरीदा और बेचा जा चुका है।

नगर पालिका परिषद बिलासपुर की करीब 92 लीज प्रॉपर्टियों पर वास्तविक लीजधारकों के बजाय अन्य लोग काबिज हैं। हैरानी की बात यह है कि इन लीज संपत्तियों को कुछ लोगों ने बेहद कम कीमत पर पंजीकृत लेख पत्र के माध्यम से खरीदा और बाद में उन्हीं संपत्तियों की उपलीज लाखों रुपये के स्टाम्प पर अन्य व्यक्तियों के नाम पंजीकृत कर दी गई। यह पूरा लेनदेन नियमों और शर्तों के विपरीत बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इन लीज प्रॉपर्टियों की खरीद-फरोख्त न तो जिला अधिकारी की अनुमति से की गई और न ही इनका विधिक नामांतरण नगर पालिका परिषद बिलासपुर के अभिलेखों या राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। इसके बावजूद खुलेआम इन संपत्तियों का व्यावसायिक सौदा किया जा रहा है, जिससे नगर पालिका को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो वह दिन दूर नहीं जब नगर पालिका की संपत्तियां ही नहीं, बल्कि स्वयं नगर पालिका परिषद का कार्यालय भी कागजी सौदों का हिस्सा बना दिया जाएगा। यह मामला न केवल सरकारी संपत्ति की सुरक्षा से जुड़ा है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही पर भी सवाल खड़े करता है। इस पूरे प्रकरण को लेकर आरटीआई एक्टिविस्ट एवं व्हिसल ब्लोअर जयदीप गुप्ता ने एक जागरूक नागरिक के रूप में जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने जिला अधिकारी,उप जिला अधिकारी बिलासपुर और प्रमुख सचिव नगर विकास से आग्रह किया है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अवैध कब्जों और फर्जी लेनदेन पर रोक लगे तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। नगर की कीमती सार्वजनिक संपत्तियों को बचाने के लिए अब प्रशासन की भूमिका पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

# पीपली वन में फायरिंग मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**● दो नामजद समेत दो अज्ञात तस्करों पर जानलेवा हमले का मुकदमा**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**स्वार।** पीपली वन के आर्य नगर और अंबरपुर कक्ष संख्या 11 और 9 में खैर के पेड़ काटने पहुंचे तस्करों द्वारा वन कर्मियों पर फायरिंग करने के मामले में मिलक खानम पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

थाना मिलक खानम क्षेत्र में फैले हजारों हेक्टेयर के पीपली वन पर इन दिनों तस्करों की नजरें गड़ी हुई हैं। तस्कर आरी से खैर के पेड़ों का अवैध कटान कर रहे हैं। मंगलवार और बुधवार की रात तस्करों ने वन क्षेत्र में जमकर आतंक मचाया। क्षेत्र में चर्चा है कि तस्कर करीब 50 से अधिक खैर के पेड़ काटकर ले गए।वन दारोगा अतुल कुमार ने मिलक खानम पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तस्कर आरी से खैर के पेड़ काट रहे थे। पेड़ों के कटने की आवाज सुनकर जब वह वन रक्षक बलविंदर सिंह और कपिल के साथ मौके पर पहुंचे तो तस्करों ने वन कर्मियों को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में वन दारोगा ने भी फायर किए। बताया कि तस्करों ने अपने चेहरों पर काला कपड़ा बांध रखा था। हालांकि दो तस्करों की पहचान हो गई है। इनमें उत्तराखंड के थाना गदरपुर क्षेत्र के गांव कोलकाता निवासी सगे भाई अमरीक सिंह उर्फ डॉक्टर और पिंटू शामिल हैं, जबकि दो अन्य तस्कर अज्ञात बताए गए हैं।मिलकखानम पुलिस ने वन दरोगा की तहरीर पर चारों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगा दी गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**कटे पेड़ों की नहीं हुई स्थलीय जांच**

पीपली वन में खैर के पेड़ कटने की खबरें प्रकाशित होने के बाद डीएफओ ने एसडीओ ओमप्रकाश राम को मौके पर भेजकर स्थलीय जांच करने के निर्देश दिए थे। हालांकि एसडीओ अंबरपुर बीट में वन के अंदर जाकर कटे पेड़ों की जांच करने तक नहीं पहुंचे, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

**अवैध कटान में दो रेंजर, दो डिप्टी रेंजर हो चुके निलंबित**

पीपली वन रेंज में अवैध कटान के मामले में निलंबित वन कर्मचारियों की जांच तो शुरू कर दी गई है, लेकिन कई मामलों में कार्रवाई ठंडे बस्ते में पड़ी है।वन रेंजर मुजाहिद हुसैन और विजय सिंह को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद कार्यालय इंचार्ज कुंदन सिंह भंडारी को रामपुर अटैच किया गया। सलारपुर रेंज से निलंबित रेंजर मुजाहिद हुसैन और विजय सिंह के मामले की जांच मुरादाबाद के वन संरक्षक कर रहे हैं। वहीं डिप्टी रेंजर कुलदीप सिंह और वन रक्षक गौरव चौधरी, अमित कुमार व लाल सिंह की जांच के बाद उन्हें बहाल कर दिया गया है।

# वित्त एवं लेखाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**● चोरी का खुलासा न होने पर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने वित्त एवं लेखा अधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें अवगत कराया कि आपके द्वारा समय समय पर अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण कराया गया है। परन्तु उसमें से कुछ विशेष समस्याओं पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता है कि गत वर्ष के पीपीएफ राशि खातों की लिमिट के कारण रुके हुए बोनस एवं अवशेष डी ए एरियर अभी तक अध्यापकों को अप्राप्त हैं। गत माहों में सामूहिक स्वीकृत चयन वेतनमान का फिक्सेशन अभी तक नहीं हुआ है,जिससे अध्यापकों को बढ़ा हुआ वेतन अप्राप्त है। जिन अध्यापकों को चयन वेतनमान प्राप्त हो चुका है उनका अवशेष देय विशेष कृपा पात्र लोगों का ही निकल रहा है, शेष की आपत्ति लगा दी जा रही है। सबसे प्रमुख समस्या अवशेष एरियर के ऑनलाइन आवेदन हेतु क्या क्या प्रपत्र आवेदन के साथ लगाए जाए उसकी सूचना सार्वजनिक की जाए जिससे आवेदन को अपूर्ण प्रपत्र के नाम से निरस्त न किया जाए। सभी समस्याओं के निराकरण के लिए लिखित में आदेश जारी करने की कृपा करें। जिससे सभी सम्मानित अध्यापकों की समस्याओं का निराकरण समय से हो सके एवं अवशेष देय निकालने में आसानी हो सके।

# सीटी स्कैन की परमिशन के लिए मरीजों की लगी कतार

**● अस्पताल प्रशासन पर मरीजों ने लगाए अव्यवस्था का आरोप**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिला अस्पताल में मरीजों को सीटी स्कैन की अनुमति के लिए घंटों करना पड़ रहा हैं। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय के बाहर मरीजों की लंबी कतार लगी रही। चिकित्सकों द्वारा सीटी स्कैन लिखे जाने के बाद मरीजों को सीएमएस कार्यालय से अनुमति और हस्ताक्षर करवाने पड़ते हैं।

इसी कारण मरीज और उनके परिजन कार्यालय के बाहर घंटो इंतजार करने को मजबूर हैं। कतार में खड़ी शिक्षिका अलका ने बताया कि वह सुबह 10 बजे से इंतजार कर रही हैं। लेकिन उनका काम अभी तक नहीं हो पाया है। उन्होंने अस्पताल में अव्यवस्था और मरीजों को हो रही परेशानी पर चिंता जताई है। महिला रूखसार ने बताया कि वह सुबह 8 बजे से अस्पताल में खड़ी है दोपहर एक बजे तक भी उनका नंबर नहीं आया है। सीएमएस कार्यालय के बाहर खड़े मरीजों ने आरोप लगाए है कि पैसे देने पर सीटी स्कैन की अनुमति जल्द ही मिल जाती है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि सीटी स्कैन के लिए बनाए गए नियमों का पालन किया जा रहा हैं। केवल जरूरतमंद मरीजों का ही सीटी स्कैन कराया जा रहे हैं। जिससे पहले ही तुलना में सीटी स्कैन की संख्या कम हो गई हैं।

# सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप, जनता में नाराजगी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलासपुर।** तहसील क्षेत्र के सरकारी कार्यों में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई विभागों में कार्यों को लेकर पारदर्शिता की कमी है, जिससे आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों और नागरिकों का कहना है कि छोटे-छोटे सरकारी कामों के लिए भी लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई मामलों में काम समय पर न होने और अनियमितताओं के आरोपों के कारण जनता में असंतोष बढ़ रहा है।कुछ लोगों का यह भी कहना है कि यदि सरकारी कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो इससे सरकार की छवि पर भी असर पड़ सकता है। लोगों का मानना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने से ही ऐसी शिकायतों को कम किया जा सकता है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो और यदि कहीं भ्रष्टाचार या लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# मजार हजरत मुर्शिद मियां में कुरान मुकम्मल


घेर पूरन सिंह स्थित मस्जिद में हाफिजों की गुलपोशी करते लोग।

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** घेर पूरन सिंह स्थित मजार हजरत मौलाना मुर्शिद मियां में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया। यहां हाफिज मोहम्मद अयान ने कुरान सुनाया और समाअत की जिम्मेदारी हाफिज मोहम्मद काशिफ ने अंजाम दी। लोगों ने हाफिजों की गुलपोशी की और मिठाई तकसीम की गई। कुरान मुकम्मल होने पर अल्लाह से रमजान माह में की गई इबादत को कुबूल करने की दुआ की गई और गुनाहों के लिए माफी तलब की। इस मौके पर मशकूर खां उर्फ शन्नु साहब, विंटू खां, जकी खां, नवाज खां, शमीम मियां, मतलूब खां समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# दो माह बाद जिला अस्पताल में हुई जनरल सर्जन की तैनाती

**● निवासियों ने प्रशासन से गुहार लगा कार्यवाही की मांग की**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिला अस्पताल को दो माह बाद जनरल सर्जन की तैनाती होगी। इसी के साथ ही आर्थोपेडिक सर्जन की नियुक्ति शासन स्तर से हुई है। यह दोनों जिला अस्पताल में संभवतः सोमवार से ओपीडी भी करेंगे।

जनरल सर्जन डॉ.आरिफ रसूल का अनुबंध 11 जनवरी को खत्म हो गया था। इनका अनुबंध एक वर्ष का था। कार्यकाल पूर्ण होने पर मरीजों को सर्जरी कराए जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अस्पताल में हर महीने करीब 30 से 35 ऑपरेशन होते हैं। सर्जन के न होने से मरीज प्राइवेट चिकित्सकों पर निर्भर थे। लखनऊ में 19 या 21 जनवरी को वाक इन इंटरव्यू हुआ। वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल को हड्डी रोग विशेषज्ञ की सौगात मिली है। अस्पताल परिसर में दो आर्थोपेडिक सर्जन के दो पद है। ऐसे में सिर्फ एक हड्डी रोग विशेषज्ञ ही सेवाएं दे रहे हैं। जिला अस्पताल में अब दो हड्डी के डॉक्टर मरीजों को परामर्श देंगे। अस्पताल प्रशासन के अनुसार फिजिशियन की भी जल्द ही तैनाती होगी। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि जिला अस्पताल में जल्द ही जनरल सर्जन, आर्थोपेडिक सर्जन की तैनाती होगी।

# तीन दिन तक होगी पालिका में बापू माल की दुकानों की नीलामी

**● सपा सरकार में 24.96 करोड़ रुपये की लागत बना था मॉल**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद में तोपखाना गेट स्थित बापू मॉल की दुकानों की नीलामी तीन दिन तक आरंभ रहेगी। जोकि 9,10,11 तक बोलीदाता नीलामी में हिस्सा लेंगे। इसको लेकर पालिका प्रशासन से तैयारियां शुरू कर दी है।

नगर पालिका परिषद के सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार बापू माल की 133 दुकानें प्रथम तल, 16 हॉल, मौलाना अबुल आजाद मार्केट के प्रथम तल की 40 दुकानें, गुरु नानक रोड मार्केट में भूतल पर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 2 दुकाने, बी अम्मा शापिंग काम्पलेक्स के भूतल व प्रथम तल पर 40 दुकानें, पुराना गंज भूतल पर 2 दुकानें, सराय गेट भैंस खाना भूतल पर 5 दुकानों के प्रीमियम सार्वजनिक नीलामी 9 से 11 को पालिका के सभागार में प्रातः 12 बजे किया जाएगा। बोली बोलने से पहले बोलीदाता को जमानत धनराशि के रूप में अंकन रुपये 100000/-नगर पालिका परिषद के बैंक ऑफ इंडिया के खाता में जमा करना होगा। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि बापू माल, मौलाना अबुल आजाद मार्केट, गुरुनानक मार्केट, बी अम्मा शापिंग काम्प्लेक्स, पुराना गंज समेत 225 दुकानों की नीलामी 9 से 11 मार्च तक होगी।

**21 जुलाई को भी हुई थी दुकानों को नीलामी**

करीब आठ माह पहले 21 जुलाई 2025 को नगर पालिका परिषद की 7 दुकानों की नीलामी हुई थी। मालूम हो कि पालिका के प्रांगण में 14 दुकानें निमार्णाधीन है। इनमें 7 दुकानें बनकर तैयार हो गई है। जबकि 7 दुकानों का कार्य निमार्णाधीन है। इनमें 7 दुकानों की नीलामी 21 जुलाई को भी हुई थी।

# मारपीट करने में चार फंसे, केस दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में शराब के नशे में धुत चार लोगों ने दो भाइयों के साथ मारपीट की।उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।पीड़ित पुनेश पुत्र भीकम सिंह ने शाहबाद थाने में पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 5 मार्च को शाम 6 बजे सत्यपाल पुत्र हीरालाल, राजवीर पुत्र हीरालाल, इन्द्रजीत पुत्र राजवीर और जबर सिंह पुत्र राजवीर निवासीगण मीरापुर शराब पीकर उनके घर आए। आरोप है कि इन चारों ने पुनेश और उनके भाई मुनेश को गंदी गालियां दीं और उनके साथ मारपीट की। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पुनेश ने तुरंत शाहबाद थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# २२ मार्च को होगा सैनी, मौर्य, शाक्य का होली मिलन कार्यक्रम

**● जिला सहकारी बैंक में हुआ बैठक का आयोजन**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** जिला सहकारी बैंक सभागार में सैनी,मौर्य, शाक्य के कुशवाहा समाज की एक बैठक संपन्न हुई।बैठक में 22 मार्च को प्रस्तावित होली मिलन समारोह एवं सैनी मौर्य शाक्य कुशवाहा सभा जनपद के जिला संगठन के प्रस्तावित चुनाव पर सामूहिक रूप से चर्चा वार्ता हुई।

जिसमें पूरे जनपद से आए हुए जिम्मेदार लोगों से सुझाव एवं प्रस्ताव लेने के बाद 11 समाज के वरिष्ठ लोगों को चार पद पर नियुक्त किए जाने के लिए अधिकृत किया।जिसमें पन्नालाल सैनी को जिला अध्यक्ष,निरंजन लाल सैनी को उपाध्यक्ष,रोहतास मौर्य व राजकिशोर सैनी को महामंत्री पद के लिए निर्वाचित घोषित किया। जिसका सभी उपस्थित होने उपस्थित होने एक स्वर में ताली बजाकर स्वागत,समर्थन एवं अभिनंदन किया तदोपरांत ने वर्तमान जिला अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह सैनी ने चारों निर्वाचित


कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी

पदाधिकारी का माला पहनकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित चारों पदाधिकारी ने भरोसा दिलाया की वह पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से समाज को आगे बढ़ने का काम करेंगे। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, हेम सिंह सैनी, उमेश शरन सैनी, करन सिंह सैनी, गंगाराम सैनी, सुनील मौर्य, संजय मौर्य, परविंदर मौर्य, डॉ. भूदेव सैनी, योगेश सैनी, आईपी सिंह सैनी, राकेश सैनी, सोरन सिंह सैनी, मुंशीलाल सैनी, राजू सैनी, जयवीर सिंह सैनी, रिंकी, अशोक बाबू सैनी, सैनी, रोहित सैनी, विपिन सैनी, विशाल सैनी, अनेश सैनी, अजय सैनी, रामस्वरूप सैनी, मोहित सैनी, मुरारी लाल सैनी, कृपाल सिंह सैनी, महेंद्र सैनी ,नेपाल सिंह सैनी, राम सिंह सैनी लीलाधर सैनी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता बार एसोसिएशन रामपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीसी रामऔतार सैनी एडवोकेट द्वारा व संचालन निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह सैनी द्वारा किया गया।

# ट्रक की टक्कर में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

- महिला की मदद को स्कॉर्पियो लेकर दौड़े देवर ने दूसरी स्कॉर्पियो में मारी टक्कर, कई बार पलटी





फाइल फोटो मृतक पूजा, शाहबाद में कार से टकराने के बाद पलटी स्कॉर्पियो कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद नगर के मंगोली में सड़क पार कर रही महिला को ट्रक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे में महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। जिसको उपचार के लिए शाहबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान घायल महिला ने दम तोड़ दिया।

नगर के मोहल्ला मंगोली निवासी महिपाल की पत्नी पूजा(28) सड़क पार कर रही थीं। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पूजा गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। परिजन उन्हें लेकर शाहबाद सीएचसी पहुंचे। जहां से रेफर करने के बाद घायल पूजा को लेकर मुरादाबाद के निजी अस्पताल जा रहे थे। घायल पूजा की उपचार के दौरान मौत हो गई। पूजा की मौत की सूचना जैसे ही घर पहुंची, परिजनों में मातम छा गया। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उधर भाभी के घायल होने की सूचना मिलते ही शाहबाद में गाड़ी धुलाई का काम करने वाले उनके देवर राजवीर मौके पर जाने के लिए धुलाई को आई स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर दौड़ पड़ा। इसी दौरान रास्ते में शाहबाद-बिलारी मार्ग पर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के पास मुड़ रही दूसरी गाड़ी से जा टकराया। हादसे में स्कॉर्पियो ने सड़क पर कई बार पलटे खाए। जिसमें दोनों स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंचे कोतवाल प्रदीप कुमार ने रास्ते से दोनों वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

# मिलक टॉपर रौशनी को उपहार में मिली साइकिल



छात्रा रोशनी को साइकिल भेंट करतीं खंड शिक्षा अधिकारी मिलक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** एच आर पैलेस में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी, विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया। इस दौरान नोडल शिक्षक प्रभाकर गौतम ने मिलक टॉपर रौशनी, यूपीएस सैंडोली को साइकिल देकर सम्मानित किया।

जनपद में एनएमएमएस परीक्षा में कुल चयनित 133 में से 50 छात्र छात्राएं विकास खंड मिलक से चयनित हुए हैं। विकास खंड मिलक में खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सभी 43 विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जनपद से चयनित कुल 131 छात्र छात्राओं में मिलक से 43 विद्यार्थियों को उनके शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह द्वारा विकास खंड में कार्ययोजना बनाकर बच्चों को आवेदन और परीक्षा में सम्मिलित कराया। जिसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने ब्लॉक के नोडल प्रभाकर गौतम के प्रयासों और सहयोग की सराहना की। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2026 में जनपद को आवंटित 133 सीटों में से 130 छात्र एवं छात्राएं चयनित हुए। प्रतिवर्ष परीक्षा नियामक प्राधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों की एक राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा करवाई जाती है। परीक्षा में मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले बच्चों को कक्षा 12 तक अध्ययन के लिए एक हजार रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रझ छात्राओं को दो प्रश्न पत्र हल करने होते है। मिलक ब्लॉक से चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।कार्यक्रम में सभी एआरपी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# फेडरेशन ने 17 वां रोजा पर रखा जंग ए बदर का कार्यक्रम

- कार्यालय पर फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कराई इफ्तार पार्टी




पहाड़ी गेट स्थित फेडरेशन के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की ओर से 17 वे रमजान पर हर बार की तरह जंग ए बदर का प्रोग्राम फेडरेशन के कार्यालय पर किया गया। मेहमान ए खुसूसी सैयद जमा बाकरी ने भी शिरकत फरमाकर बयानातों से नवाजा। प्रोग्राम की सदारत बाबर खां ने निजामत नोमान गाजी ने की।

मौलाना शादाब कदीरी ने किया मदीना के मुसलमानों पर हो रहे जुल्म और उन पर हो रहे बेवजह हमलों की मुखलाफत में मदीना से 80 मील दूर बदर के मैदान में 313 मुसलमानों और 1000 कुरैश के लोगों के बीच में जंग ए बदर की लड़ाई हुई थी। जिसमें सिर्फ 313 मुसलमानों ने 1000 कुरैश के लोगों से अपनी जान की परवाह किए बगैर और बहुत कम हथियार होते हुए भी जंग लड़ी। जिसमे मुसलमानों ने कुरैश के 70 लोगों को मार दिया। 70 लोगो को बंदी बनाया। जिसमें 14 मुसलमान भी शहीद हुए। जंग में जीत हासिल की। जिसे आज हम जंग ए बदर की फतह के नाम से जानते है। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद जमीर रिजवी, राहत जान खां, मास्टर बाबू अली खां,खान शोएब यूनुस, अर्शी खान, आरिज खां, फैजान खां, वहाब उद्दीन, मजहर रामपुरी आदि मौजूद रहे।

# शाहबाद की बेटी ने यूपीएससी परीक्षा पास कर राशन किया नाम

- पांचवे प्रयास में पाई 535वीं रैंक, परिवार में खुशियों का माहौल



शाहबाद से प्रथम बार सिविल सेवा परीक्षा पास करने वाली गुलफिजा को आशीर्वाद देते माता पिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शहर से एक प्रेरणादायक खबर सामने आई है, जहां एक बेटी ने यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा पास कर परिवार समेत शाहबाद का नाम रोशन किया है। नगर के मोहल्ला खटपुर के रहने वाले मंजू खां की बेटी गुलफिजा ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 535वीं रैंक हासिल करते हुए अफसर बनने का सपना पूरा किया। सीमित संसाधनों के बावजूद गुलफिजा ने अपनी मेहनत और लगन से यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल की। जिससे गुलफिजा के परिवार में खुशियों का माहौल है। माता पिता बेटी पर गर्व महसूस कर रहे है। आज गुलफिजा शाहबाद के क्षेत्रभर के साथ पूरे समाज के लिए एक मिसाल बन गई है कि अगर हौंसला और मेहनत हो तो किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। साधारण परिवार से आने वाली गुलफिजा के पिता मंजू खां किसानी का काम करते है। गुलफिजा बताती है कि उनके मन में शुरू से ही देश की सेवा करने का जुनून था। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास करने में उनकी बड़ी बहन के साथ माता पिता का बहुत बड़ा रोल रहा है।

**प्राथमिक विद्यालय से की पढ़ाई, पिता करते है किसानी**

**शाहबाद।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास करने वाली गुलफिजा ने अपनी प्रारंभिक परीक्षा शाहबाद तहसील के पटवाई स्थित प्राथमिक विद्यालय से की। कक्षा पांच तक की पढ़ाई पटवाई के प्राथमिक विद्यालय से लेने के बाद कक्षा 8वीं तक की पढ़ाई शाहबाद नगर के जीजीआईसी से ली। उसके बाद गुलफिजा नैनीताल चली गई और वहां से कक्षा बारहवीं तक की पढ़ाई की। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से स्नातक की पढ़ाई करने के बाद दिल्ली में दो वर्षों तक जॉब की। गुलफिजा कोविड के दौरान शाहबाद लौट आई और घर पर ही रहकर सिविल सेवा की तैयारी करने लगी। बताती है कि यही वो मौका था जो उनकी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट रहा। गुलफिजा के पिता किसानी का काम करते है। गुलफिजा चार बहनों में सबसे छोटी है जबकि उनके दो भाई है।

**चौथे प्रयास में इंटरव्यू तक पहुंचकर रह गई थी गुलफिजा, पांचवे में मिली सफलता**

**शाहबाद।** गुलफिजा पर सिविल सेवा में जाने का जुनून इस कद्र सवार था कि वह इस परीक्षा को पास करने के लिए लगातार प्रयास करती रहीं। गुलफिजा ने पिछले साल चौथी बार सिविल सेवा की परीक्षा दी थी, लेकिन गुलफिजा चौथे प्रयास में प्री, मैंस परीक्षा पास करने के बाद इंटरव्यू तक आकर रह गई थी। लेकिन इन बार पांचवें प्रयास में उन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास कर अपने परिवार के साथ क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया।

## दूसरे संप्रदाय का युवक नाबालिग को लेकर फरार

**बिलासपुर।** नगर क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का एक मामला प्रकाश में आया है। राजस्थान का एक युवक दूसरे संप्रदाय की एक नाबालिग किशोरी को अगवा ले गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर प्राथमिक दर्ज कर ली है, जबकि घटना को लेकर मुहल्ले में सांप्रदायिक तनाव व्याप्त है।

नगर के मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी पीड़ित पिता समेत मोहल्लेवासियों ने पुलिस को तहरीर सौंपी और घटना से अवगत करवाया। बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी पर लखवीर सिंह निवासी गंगानगर राजस्थान पिछले एक साल से बुरी नियत रखता आ रहा है। बदनामी के डर से वह शांत बैठे हुए थे। कुछ समय पहले उत्तराखंड के रुद्रपुर को छोड़कर यहां आकर बस गए थे। आरोप है कि युवक ने उनकी नाबालिग किशोरी का पीछा नहीं छोड़ा और उसको ढूंढ़ते हुए यहां तक आ पहुंचा। लगभग दो दिन पूर्व आरोपी किशोरी को अगवा कर अपने साथ ले गया। मामला दो अलग-अलग संप्रदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है। स्थानीय खुफिया इकाई भी सक्रिय हो गई है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए राजस्थान समेत संभावित ठिकानों पर पुलिस की टीमें रवाना कर दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि बहुत जल्द किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

## समस्या को लेकर किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** किसानों ने गांव में संचालित गौशाला से पशु और सामान चोरी का आरोप लगाया है। यह आरोप कथित तौर पर सेक्रेटरी पर साठ-गांठ कर कुछ ग्रामीणों पर लगाया गया है। मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। भारतीय किसान यूनियन-टिकैत के जिला प्रवक्ता नृप अजीत सिंह किसानों के एक शिष्टमंडल के साथ शनिवार दोपहर स्थानीय तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचें। वहां मौजूद तहसीलदार शिवकुमार शर्मा से मिले। उन्हें अपना प्रार्थना पत्र सौंप बताया कि उनके गांव चौकोनी में पिछले दस सालों से एक गौशाला ग्राम प्रधान व सरकार के सहयोग से संचालित की जा रही थी। जिसमें 40-45 गौवंश थें साथ ही पेयजल, चारा, पंखा, कैमरे आदि की सुविधाएं थी। आरोप है कि गांव के सेकेट्री ने कुछ लोगों से सांठगांठ करने के बाद वहां से गोवंश गायब है साथ ही सामान भी। उन्होंने मामले की गहनता से जांच कर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाने की मांग की है। इस मौके पर अंतराम यादव, गुरचरण सिंह, सुरेंद्र सिंह रंधावा, प्यारा सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं। इस पर तहसीलदार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। वह जांच करा रहे हैं, जांच के बाद ही संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## आज होगा संत शिरोमणि गाडगे जयंती समारोह

**रामपुर।** शनिवार को अखिल भारतीय धोबी महासंघ के जिलाध्यक्ष चरण सिंह के अशोक विहार स्थित आवास पर 8 मार्च को होने वाली 150वीं संत शिरोमणि गाडगे जयंती समारोह के उपलक्ष में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया की जयंती समारोह को हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा मंत्री, आकाश सक्सेना नगर विधायक, हरीश गंगवार भाजपा जिला अध्यक्ष,अशोक महाराज पीठाधीश्वर ज्वाला पीठ लखनऊ की गरिमामयी उपस्थित रहेगी।

विशिष्ट अतिथि जय सिंह जी आई आई एस भारत सरकार, प्रोफेसर डॉक्टर रोहतास सिंह सदस्य उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग उत्तर प्रदेश एवं राकेश कुमार आर्य एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय धोबी महासंघ उत्तर प्रदेश मुख्य वक्ता के रूप में रहेंगे। हम सब मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य अनुशासन में रहकर करेंगे। कार्यक्रम एवं नया इतिहास लिखते हुए कीर्तिमान करेगा। दिनेश दिवाकर जिला संरक्षक ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में सुनील कुमार ,राजू दिवाकर ,रघुवीर शरण ,गुलशन दिवाकर, सुनील कुमार दिवाकर ,सतवीर सिंह धोबी ,प्रसन्न प्रकाश अशोक कुमार ,हेमंत दिवाकर, नन्नू सिंह कृपाल सिंह ,ओमवीर दिवाकर ,विक्रम दिवाकर आदि सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

# एसएनए पोर्टल के नहीं चलने से गर्भवतियों का अटका भुगतान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग का एसएनए पोर्टल नहीं चलने से गर्भवतियों का भुगतान अटक गया है। पिछले दिनों हुई कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी के सामने भी मुद्दा उठ चुका है। इसको लेकर विभागीय अधिकारी काफी चिंतित है।

जनपद में 40 स्वास्थ्य केंद्रों से अधिक महिलाओं की डिलीवरी होती है। इसके लिए संबंधित एमओआईसी से महिला के खाते की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाती है। इसके बाद इसका पूरा ब्यौरा शासन को भेजा जाता है। वहां से धनराशि हस्तारित की जाती है। इसके लिए पहले मंतरा ऐप की आईडी पर एंट्री होती है जोकि यह कार्य स्टाफ नर्स एएनएम के द्वारा किया जाता है। लेकिन पिछले दिनों भुगतान की प्रक्रिया में पोर्टल पर परिवर्तन किया गया है। यानी अब भुगतान एसएनए द्वारा किया जाता हैं। लेकिन अब कई दिनों से पोर्टल में तकनीकी खराबी होने के कारण गर्भवती महिलाओं का भुगतान अटक गया है। जानकारी में आया है कि महिला अस्पताल में 2500 से अधिक महिलाओं को भुगतान नहीं हुआ है। इसको लेकर विभागीय अधिकारी काफी चिंतित हैं।

## प्रदेश में 38 वें स्थान पर जनपद

विभागीय सूत्रों के अनुसार गर्भवती महिलाओं का योजना का लाभ दिलाए जाने के लिए प्रदेश में जनपद में 38वें स्थान पर है। जबकि एटा पहले स्थान पर हैं। पोर्टल में तकनीकी खराबी आ जाने से पहले प्रदेश को शासन से 21 में से 5 लाख का भुगतान हुआ है।

एसएनए पोर्टल से सैलरी, आशाओं समेत भुगतान होता है, पैसा कम होने की वजह समस्या हो रही है। शासन से प्राथमिकता जो होती है पहले उसी का भुगतान किया जाता है।

-डॉ.दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

## बिलासपुर की रिया जैन बनी आईआरएस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** शहर के गल्ला व्यापारी अनिल जैन की पुत्री रिया जैन ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में पहले ही प्रयास में 318 वीं रैंक हासिल कर शहर और जनपद का नाम रोशन किया। रिया अब इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) अधिकारी बनने जा रही हैं।



नगरवासियों और समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने रिया की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। रिया का मानना है कि इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का मार्गदर्शन, परिवार का विश्वास और कड़ी मेहनत महत्वपूर्ण रही। एसएस जैन सभा और दिगम्बर जैन समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि रिया ने पूरे समाज को गौरवान्वित किया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नेताओं ने भी उनकी उपलब्धि को दृढ़ निश्चय, परिश्रम और समर्पण का परिणाम बताया। रिया की सफलता नगर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। प्रेस क्लब रजि जनपद रामपुर के जिला अध्यक्ष जयदीप गुप्ता ने बेटी रिया जैन को अपनी बधाई दी है।

# कार्निवाल में पहली बार दिखेंगी जलपरी





मेले को लेकर मैदान में चलती तैयारियां



- 15 मार्च को यंग मैन हॉकी मैदान में होगा आयोजन

**रामपुर।** तोपखाना गेट स्थित यंगमैन हॉकी मैदान में 15 मार्च से आयोजित कार्निवाल में पहली बार जलपरी दिखेंगी। जलपरी कार्निवाल में भदोही का कारपेट, ऊंट की सवारी, सहारनपुर का फर्नीचर, खानपान की दुकान, घर गृहस्थी और सभी सामग्री बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और भी बहुत कुछ, एक ही छत के नीचे है।

दैनिक समाचार पत्र जागरण मोर्चा की ओर से आगामी 15 मार्च से 15 अप्रैल तक तोपखाना गेट स्थित यंग मैन के मैदान में जलपरी शॉपिंग कार्निवाल का आयोजन होगा। कार्निवाल के आयोजक सुमित गुप्ता ने बताया कि कार्निवाल में फिश टर्नल, फुट कोर्ट, शापिंग बाजार, भूत बंगला, रंगारंग कार्यक्रम, ऊंट की सवारी बच्चों के मनोरंजन के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। शनिवार से यंग मैन हॉकी मैदान में जलपरी कार्निवल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कार्निवाल में फिश टर्नल, फुट कोर्ट, शापिंग बाजार, भूत बंगला, रंगारंग कार्यक्रम, ऊंट की सवारी की बुकिंग के लिए ग्राउंड में संपर्क करें।

# भाजपा सत्ता में बैठकर धर्म के नाम पर लड़ाने का कार्य करती है: जावेद अली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक व होली मिलन समारोह का आयोजन जनपद कैंप कार्यालय भरतरा चुंगी परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद जावेद अली खान व जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी रहे। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि एसआईआर व नए वोट बनाने में सहयोग पार्टी के बीएलए व पदाधिकारियों ने किया है उसको धन्यवाद दिया। कहा कि 2027 में सरकार लाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता नए वोट लगातार बनवाने में जुटे रहे हैं।

बैठक में जनपद के पदाधिकारियों ने अपने गांव, क्षेत्र से संबंधित समस्याएं रखी। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि अधिकारियों से मिलकर शीघ्र निस्तारण करने का कार्य किया जाएगा। राज्यसभा सांसद ने कहा कि भारत का संविधान सभी धर्म का सम्मान करता है, हमारे पूर्वज और आज भी हम हिंदू-मुस्लिम मिलकर एक-दूसरे के त्योहार मनाने का कार्य करते हैं। वहीं सत्ता में बैठी भाजपा हमें आपस में धर्म के नाम पर लड़वाने का काम करती हैं, कहा कि लोग सावधान रहे और आने वाले 2027 में सपा को वोट देकर मजबूत बनाने का काम करें। जिससे अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश का विकास करें। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि पदाधिकारी कार्यकर्ता मिलकर जनता के बीच जाकर अखिलेश यादव द्वारा किए गए विकास पर चर्चा करें। प्रदेश में फैले भष्टाचार का विरोध करें।

कार्यक्रम संयोजक उमेश चंद्र दिवाकर ने कहा कि अखिलेश यादव की नीति से प्रभावित होकर में भाजपा को छोड़कर सपा में आया हूं। वरिष्ठ नेता सतीश प्रेमी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि पीडीए परिवार को मजबूत करने का काम आप सब मिलकर करेंगे।

इस अवसर पर उमेश यादव, सकुन प्रेमी, लड्डन मियां, बलवंत सिंह, शोभित कुमार, कमल शर्मा, सद्दाम कुरैशी, ओमप्रकाश प्रजापति, रेवाराम, राजीव रस्तोगी, मनीष यादव, शिवम यादव, रवि दिवाकर, विजय यादव, अशोक गुप्ता, शाह नवाज, मेहंदी हसन, अशोक राणा, अमर सिंह यादव, अनुराग यादव, लव कुमार यादव, प्रतीक, आसिफ, महावीर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी जन समस्याएं अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

## गुन्नौर तहसील में एडीएम व सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का निस्तारण करते मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट। -जागरण मोर्चा

**बहजोई।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन में तहसील गुन्नौर के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने कहा कि शिकायतों को किसी भी स्तर पर लंबित न रखा जाए और हर समस्या का समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी प्राप्त शिकायती पत्रों को गंभीरता से लेते हुए उनका शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकतर शिकायतों का समाधान निचले स्तर पर ही शीघ्रता से किया जाना चाहिए। जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, तहसीलदार गुन्नौर रविंद्र विक्रम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले के खिलाड़ियों के ट्रायल 8 से 10 मार्च तक, विभिन्न खेलों में चयन प्रक्रिया होगी

- बैडमिंटन, जूडो, फुटबॉल, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स व वॉलीबॉल के ट्रायल अलग-अलग स्थानों पर होंगे आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहजोई।** क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू के अनुसार विधानसभा क्षेत्र चंदौसी, संभल एवं असमोली में आयोजित विधानसभा स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 8 से 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रायल के माध्यम से खिलाड़ियों की अगली स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2026 को बैडमिंटन व जूडो खेलों के ट्रायल आयोजित होंगे। बैडमिंटन का ट्रायल सिल्वरस्टोन पब्लिक स्कूल बहजोई में तथा जूडो का ट्रायल एसवीएम कॉन्वेंट स्कूल बहजोई में कराया जाएगा।

वहीं 9 मार्च 2026 को फुटबॉल, कुश्ती व कबड्डी के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। फुटबॉल का ट्रायल जेएलएम इंटर कॉलेज सिरसी में तथा कुश्ती और कबड्डी के ट्रायल त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल कल्याणपुर रिठाली में कराए जाएंगे। इसके अलावा 10 मार्च 2026 को एथलेटिक्स और वॉलीबॉल के ट्रायल विकासखंड बनियाखेड़ा के सिंहपुर साहनी खेल मैदान में आयोजित किए जाएंगे। संबंधित अधिकारियों ने सभी चयनित खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि व स्थान पर समय से पहुंचकर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है।

# मानव सेवा जीवन का सबसे बड़ा धर्म

जागरण मोर्चा कार्यालय



राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** एसएम कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ नगर के मुरादाबाद रोड देवर खेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर का प्रारंभ एसएम कालेज के प्रोफेसर डाक्टर दानवीर सिंह यादव, भूपाल सिंह शास्त्री प्रधानाचार्य एवं शरद शर्मा ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. दानवीर सिंह यादव ने कहा की कि मानव सेवा जीवन का सबसे बड़ा धर्म है एवं राष्ट्रीय सेवा योजना उस धर्म की ओर ले जाने वाला सरल एवं सुगम पथ है। भूपाल सिंह शास्त्री ने सामाजिकता के आधार पर व्यक्तित्व विकास पर बल देते हुए स्वयंसेवकों को समाज के लिए सार्थक एवं उपयोगी बनने की प्रेरणा दी। शरद शर्मा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना में सेवा का महत्व बताते हुए जीवन की सार्थक करने और सामाजिक एवं राष्ट्रीय सेवा को जीवन में उतारते हुए व्यक्तिगत जीवन को सफल बनाने की प्रेरणा दी। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने ग्राम वासियों से संवाद स्थापित कर उनके समस्याओं के यथासंभव समाधान के लिए संकल्प लिया। प्रथम दिवस के शिविर का समापन वंदे मातरम गायन के साथ हुआ। इस दौरान जितेंद्र कुमार, अजीत सिंह, हरवीर, अथर्व गौतम, दीपक, श्याम बाबू, मनोज कुमार, जमुना प्रसाद शर्मा, विपिन यादव, अनमोल, सुमित, जुबेर अली, मोहम्मद सादिक अली आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# हर खेत को पानी संकल्प को साकार करने में जुटा नलकूप विभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहजोई।** अधिशासी अभियंता नलकूप खंड चंदौसी महेंद्र शंकर ने बताया कि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश में हर खेत को पानी का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे किसानों को सिंचाई संबंधी योजनाओं की जानकारी मिल सके और उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।उन्होंने बताया कि मंत्री के स्पष्ट निर्देशों के चलते नलकूप विभाग द्वारा ग्रामीण अंचलों में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। प्रत्येक किसान तक समय पर और पर्याप्त सिंचाई जल पहुंचे, इसके लिए नलकूपों के पुनर्भरण (रीबोर), लाइन गूल की मरम्मत, विद्युत आपूर्ति के बेहतर समन्वय तथा आधुनिक तकनीक आईओटी के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बंद और अक्रियाशील पड़े नलकूपों को दोबारा चालू कर लाखों हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा से जोड़ा गया है। इससे किसानों को निजी साधनों पर निर्भरता कम करनी पड़ी है और जल प्रबंधन व्यवस्था भी मजबूत हुई है। विभागीय टीमों द्वारा नियमित निरीक्षण, समयबद्ध मरम्मत और तकनीकी उन्नयन से सिंचाई तंत्र को और प्रभावी बनाया जा रहा है। नलकूप विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने से किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है।

# रामबाग ट्रस्ट चुनाव की अधिसूचना जारी, 19 अप्रैल को होगा मतदान

जागरण मोर्चा कार्यालय



चुनाव की अधिसूचना जारी करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के आगामी चुनाव 2026 को लेकर शनिवार को कैथल गेट स्थित निर्वाचन कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोरमुकट वार्ष्णेय एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार वार्ष्णेय तथा सुशील कुमार वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से चुनाव की अधिसूचना और महत्वपूर्ण नियमावली जारी की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोरमुकट वार्ष्णेय ने बताया कि ट्रस्ट के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 1 अप्रैल से 3 अप्रैल तक चलेगी। इच्छुक प्रत्याशी निर्धारित तिथियों में निर्वाचन कार्यालय से नामांकन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकेंगे। 4 अप्रैल को प्राप्त नामांकन पत्रों की घोषणा करते हुए उनकी सूची निर्वाचन कार्यालय पर चस्पा की जाएगी। इसके बाद 5 अप्रैल से 6 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 6 अप्रैल की शाम 6 बजे तक अंतिम वैध प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2026 को मतदान के माध्यम से चुनाव कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना भी की जाएगी। इस दौरान प्रकाश चन्द्र किराना, मुकेश वार्ष्णेय, विमल चौधरी, कौशल किशोर वंदेमातरम, अनुज वार्ष्णेय, मनोज कुमार श्याम, अतुल किराना, प्रमोद कुमार पप्पन, गौरव, मनोज वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# ई-लॉटरी से कृषि यंत्रों के लिए छह किसानों का चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहजोई।** कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों के लाभार्थी चयन के लिए चौथी बार ई-लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन किया गया। यह प्रक्रिया दर्शन 2.0 पोर्टल पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारिणी समिति की उपस्थिति में शनिवार सुबह 9 बजे कलक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों के लिए पांच किसानों का चयन किया गया। वहीं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन से जुड़े कृषि यंत्रों के लिए एक किसान का चयन किया गया। इस प्रकार दोनों योजनाओं के तहत कुल छह लाभार्थियों को कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए चयनित किया गया। मौके पर उपस्थित चयनित किसानों को बताया गया कि वे केवल पोर्टल पर पंजीकृत निर्माताओं या विक्रेताओं से ही मानकों के अनुरूप कृषि यंत्र खरीदें और निर्धारित अवधि के भीतर बिल विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें। ताकि उन्हें अनुदान का लाभ मिल सके।अधिकारियों ने किसानों को कृषि यंत्रीकरण से संबंधित शासनादेश में दिए गए प्रावधानों की भी जानकारी दी।

# दबंग के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को सीओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

## गांव गुरसरी में घर में घुस मारपीट करने व जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करतें गांव गुरसरी के ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव गुरसरी के लोगों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव राजपाल सिंह पुत्र झांझन सिंह के घर पर 4 मार्च की रात 8 बजे गांव के कुछ लोग पहुंचे और गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर वह लोग चले गए।

उसी रात 11 बजे उक्त हाथों में लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और परिजनों को जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने लगे। परिजनों ने मना कर किया लाठी-डंडे मारकर घायल कर दिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने जाटव समाज के लोगों को मारने की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने जब थाने गए तो पुलिस कोई सुनवाई नहीं की। दूसरे पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर हमारे एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। उक्त लोगों ने सीओ से घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। सीओ के नहीं मिलने पर देर शाम तक उक्त लोग धरना दे रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली पुलिस को धरना स्थल पर तैनात किया गया है। इस दौरान राजपाल, राम बहादुर, बंटी, यादराम, महेंद्र कुमार, गीता रानी, प्रीति कुमारी, राजीव कुमार, विमल कुमार, विकास कुमार, रविकांत, नदीम मलिक, इकरार मलिक आदि मौजूद रहे।

# रासेयो शिविर में अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी दी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मॉडल पब्लिक एजूकेशन कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। रासेयो शिविर में बालक वर्ग के कार्यालय अधिकारी जय प्रकाश गौतम व बालिका वर्ग में शर्मिल उपाध्याय के निर्देश पर कार्यक्रम संचालित किया गया। शिविर के प्रथम का आरंभ प्राचार्य डा. राजकुमार गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्राचार्य ने अधिकार व कर्तव्यों को सिर्फ जानना ही काफी नहीं है, इसे जरुरत पड़ने पर उपयोग करना भी आना चाहिए। प्रवक्ता ज्ञान सिंह ने स्वयंसेवक व स्वसं सेविकाओं को रासेयो क्या होती है और सात दिवसीय शिविर का क्या महत्व है की जानकारी दी। बीएड विभाग की प्रवक्ता मधु राठौर ने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को टोली में विभाजित कर सात दिवसीय शिविर में किए जाने वाले कार्यों को बताया। डा. तेजपाल यादव ने अधिकार व कर्तव्य के प्रति सजगता के बारे में प्रत्येक नागरिक को जागरुक होना चाहिए। डा. निर्मल कुमार ने पहले के लोग अधिकार व कर्तव्य के प्रति इतना जागरुक नहीं थे आज शिक्षा ने सभी को जागरुक करना का प्रयास किया है। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान किया। इस अवसर पर कविता चौधरी ने अधिकार और कर्तव्य को बताया। इस अवसर पर डा. मुजाहिद, प्रवीण, शिवि राघव आधि मौजूद रहे।

**आयोजन** एनकेबीएमजी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय दोनों इकाईयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर

# स्वयंसेविकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



एनकेबीएमजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में शामिल पालिका अध्यक्ष, शिक्षिकाएं एवं स्वयंसेविकाएं। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** एनकेबीएमजी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय दोनों इकाईयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम अधिकारी डा. शीतल एवं डा. प्रियंका के संयोजन में कौशल विकास के लिए युवा विषय पर नगर के समीप गांव पतरौआ स्थित पूर्व माध्यामिक विद्यालय में किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष एवं महाविधालय की अवैतनिक सचिव लता वार्ष्णेय, बृजबाला एवं डा. रीता, डा. नीता गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

तत्पश्चात स्वयंसेविका भावना आर्य, मानवी सिंह एवं काजल उपाध्याय ने मां सरस्वती की वंदना, लक्ष्य गीत व राष्ट्रीय एकता गीत प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत स्वयं सेविकाओं ने अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज व समुदाय की सेवा के लिए प्रेरित किया। डा. रीता ने छात्राओ को प्रेरित किया और बताया कि सात दिवसीय जो भी गतिविधियां है उन के माध्यम से स्वयं और समाज में जो कुरीतियां हैं उन को समाप्त करने के लिए समाज में संदेश देना है और लोगो को जागरुक भी करना है। डा. नीता गुप्ता ने छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जो भी प्रतिभा छात्राओं के अंदर हैं। उसको इतना विकसित किया जाए कि आगे चलकर वह उसको प्रोफेशन बना सके और आत्मनिर्भर होकर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। प्रधानाध्यापिका सुनीता ठाकुर ने स्वयंसेविकाओं को समाज के प्रति समर्पित भाव से जनजागरुकता कार्य करने के लिए कहा व उन्हें उत्साहपूर्वक शिविर में कार्य करने के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं।

कार्यक्रम का संचालन डा. प्रियंका ने किया। दूसरे सत्र में डा शीतल एवं डा. प्रियंका ने स्वयंसेविकाओ को शिविर के उद्देश्य व आगामी दिवसों की रूपरेखा बताई। शिविर के प्रथम दिवस स्वयंसेविकाओं की टोलियां भी बनाई गई। शिविर में सीता, मुकेश का विशेष सहयोग रहा।

# निर्वाचित अध्यक्ष शालिनी वार्ष्णेय ने टीम के साथ ली पद गोपनीयता की शपथ



जायंट्स ग्रुप ऑफ सिटी के अधिष्ठापन समारोह में मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप आफ सिटी का अधिष्ठापन समारोह नगर के गोशाला रोड स्थित यदुवंशी गार्डन में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना और जायंट्स प्रार्थना के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप की नव निर्वाचित अध्यक्ष शालिनी वार्ष्णेय एवं ग्रुप के सभी बोर्ड सदस्य रुचिका गुप्ता, रूबी गुप्ता, डा. वैभव कृष्ण, डा शशांक चौधरी, अतुल गुप्ता, अंकुर वार्ष्णेय, आशिमा गोयल, पूजा अग्रवाल, मीनाक्षी वार्ष्णेय, राधिका बंसल, शिवानी अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल को डायरेक्टर योजना गुप्ता ने पद गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण परिषद ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा



स्वर्ण परिषद यूजीसी कानून के विरोध में एसडीएम को सोपा ज्ञापन। –जागरण मोर्चा




स्वर्ण परिषद यूजीसी कानून के विरोध में नारेबाजी करते हुए। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सवर्ण परिषद के सदस्यों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित नए समानता नियमों के विरोध में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।संगठन का आरोप है कि यूजीसी का नया ड्राफ्ट एकपक्षीय है और उच्च शिक्षा में सामाजिक वैमनस्य को बढ़ावा दे सकता है। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि विनियम का खंड भेदभाव की परिभाषा को केवल आरक्षित वर्गों तक सीमित करता है, जिससे सामान्य वर्ग के छात्र सुरक्षा घेरे से बाहर हो गए हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि ये नियम 'रिवर्स डिस्क्रिमिनेशन' को जन्म देंगे और झूठी शिकायतों के खिलाफ सुरक्षा का कोई प्रावधान न होने से परिसरों का माहौल खराब होगा। सवर्ण परिषद ने मांग की है कि इन नियमों को तत्काल प्रभाव से निरस्त या संशोधित किया जाए ताकि शिक्षा के क्षेत्र में सभी वर्गों को समान और निष्पक्ष अवसर मिल सकें। इस दौरान संगठन के अनेक सदस्य और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। ज्ञापन देने वालों में यतेंद्र शंकर गौड़, कपिल देव एडवोकेट, राजेंद्र सिंह,मधुसूदन शर्मा, विशाल शर्मा, लोकेश चंद्र, शोभित, रिंकू चौहान ,धर्मपाल सिंह, राजीव चौहान, उमेश त्यागी, आशीष अग्रवाल,बलवंत कुमार, गिरिराज शर्मा, मनोज गोयल, अजय कुमार, प्रशांत कुमार, वेद प्रकाश, पुनीत अग्रवाल, संदीप अग्रवाल,राहुल शर्मा,उमेश त्यागी, विवेक शर्मा, रवि शंकर शर्मा, राजीव चौहान अमन त्यागी, अनुज शर्मा,मुकेश रस्तोगी, आलोक रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## युवक के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

**जागरण मोर्चा, हसनपुर**। नगर में एक युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वही पीड़ित की मां ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस को जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव पीपलौती कला निवासी नसीमा पत्नी शमीम अहमद ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र के अनुसार बताया कि उनका पुत्र साहिल 6 मार्च को किसी कार्य से नगर आया था। शुक्रवार की दोपहर 1:30 बजे नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल के निकट दबंगों द्वारा उसे रोक लिया गया। पीड़िता का कहना है कि जब साहिल ने विरोध किया तो दबंगों द्वारा उसके साथ लात घूसों एवं बेल्टों से मारपीट शुरू कर दी।आरोप लगाया की मारपीट के बाद दबंगों ने साहिल की जेब में रखे हुए आठ हजार तीन सौ रुपए भी निकाल लिए गए और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। वहीं पीड़िता नसीमा ने पुलिस अधीक्षक को मारपीट का लाइव वीडियो भी दिखाया।



गोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

## राष्ट्रसेवी संगठन के कार्यकर्ताओं की हुई गोष्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। क्षेत्र के ग्राम नगलिया मुंशी में राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक गोष्ठी होशियार सिंह के आवास पर आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने दुखी मन से बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध के कारण अनेकों निर्दोष नागरिकों , छात्र छात्राओं की दर्दनाक मौत हुई है। और आगे भी युद्ध चलता रहा तो निर्दोष नागरिकों की दर्दनाक मौतों का सिलसिला जारी रहेगा। इस युद्ध का भयंकर दुष्प्रभाव जहां पर युद्ध चला हुआ वहां तो पड़ ही रहा है साथ ही जहां पर युद्ध जैसे हालत ना भी हैं वहां के लोग भी इसके दुष्प्रभावों से अछूते नहीं रहेंगे। वहां पर बढ़ती मंहगाई भुखमरी का शिकार निर्दोष लोगों को होना पड़ेगा। विश्व पंचायत को अविलंब युद्ध रोके जाने हेतु प्रयास किए जाने चाहिए। इस अवसर पर करन सिंह सभापति सहकारी संघ कुंदरकी भूड़, महिपाल सिंह प्रांत गन्ना मंत्री भारतीय किसान संघ, होशियार सिंह, खड़क सिंह, नौसिंह, अमित कुमार, राजेंद्र सिंह, निखिल, रघुवीर सिंह, बाबूराम, दीपक चौहान, रामरतन, किरन पाल, नूर मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# फरियादियों की फरियाद डीएम एवं एसपी ने सुनी, कुल 28 शिकायतें हुईं दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते हुए डीएम एवं एसपी। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर**। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के आए हुए फरियादियों की फरियाद जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सुनी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र 28 शिकायत दर्ज हुई,जिसमें से अधिकारियों द्वारा 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची 25 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दी गई। शासन के निर्देश पर शनिवार को ग्राम करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा क्षेत्र वासियों की शिकायतें सुनी गई, संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 9, पुलिस विभाग की 5, विकास विभाग की 4, पूर्ति विभाग की 1, चकबंदी विभाग की 3, विद्युत विभाग की 4 एवं अन्य विभागों की 2 कुल मिलाकर 28 शिकायत दर्ज हुई जिसमें से अधिकारियों द्वारा तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी बची हुई 25 शिकायतों के जल्द निस्तारण के निर्देश देते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दी गई। डीएम ने अधिकारी एवं कर्मचारियों से संपूर्ण समाधान दिवस में आई हुई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, वन क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिजली लाइन ठीक करते समय लाइनमैन करंट से झुलसा, हालत नाजुक, मेरठ रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय



घायल लाइनमैन। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में बिजली मरम्मत के दौरान एक दर्दनाक हादसा। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव लिसड़ी बुजुर्ग में ट्रांसफॉर्मर पर काम कर रहे लाइनमैन करन पाल अचानक हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के वक्त मौके पर अफरा-तफरी व चीख पुकार मच गई शोर सुनकर लोग मदद के लिए दौड़े। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव छोया निवासी करन पाल सिहाली बिजली घर पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर बाद लाइन ब्रेकडाउन होने के कारण वह शटडाउन लेकर मरम्मत कार्य कर रहा था, लेकिन इसी बीच 11 हजार की लाइन में अचानक हाई टेंशन विद्युत करंट दौड़ गया। करंट का झटका इतना जोरदार था कि करन पाल बुरी तरह झुलस गए और उनके दोनों हाथों में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। ग्रामीणों के द्वारा घायल लाइनमैन को निजी चिकित्सक क्या भर्ती कराया गया। लेकिन नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सक ने उसे तुरंत मेरठ के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल विभाग इस लापरवाही की जांच में जुटा है कि आखिर लाइन में करंट कहाँ से आया।

# कच्ची शराब के खिलाफ ग्रामीण महिलाओं ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



महिलाएं प्रदर्शन करते हुए। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के एक गांव की महिलाओं द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौप कर गांव में हो रहे कच्ची शराब के कारोबार को बंद कराने की मांग की, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।तहसील क्षेत्र के थाना आदमपुर के गांव तिगरिया नादिर शाह की महिलाएं मंगलवार को एकत्र होकर तहसील कार्यालय स्थित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची और प्रदर्शन किया प्रदर्शन के बाद महिलाओं द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि गांव में स्थित कुछ दुकानों व घरों में अवैध रूप से कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है। गांव के ही कुछ लोग घर का सामान बेचकर पूरे दिन कच्ची शराब खरीदते हैं और पीते हैं मना करने पर मारपीट करते है।घर की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। महिलाओं द्वारा बताया गया कि पूर्व में कई बार इस काले कारोबार के खिलाफ धरना प्रदर्शन भी कर चुकी हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा इन माफियाओं के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आदमपुर पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रदर्शन करने वालों में गोलियां, शकुंतला, संतोष, भगवती, रेखा, नीरज, मूर्ति, गोविंदी आदि मौजूद रही।

## श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन ज्ञान और वैराग्य की कथा का हुआ वर्णन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। गांव हथियाखेड़ा में नंदकिशोर के आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक मोहित भारद्वाज ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के प्रसंगों का वर्णन किया, कथा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं द्वारा ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण किया। शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक मोहित भारद्वाज के द्वारा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की कथा का वर्ण न किया गया। श्रीमद् भागवत में बताया जाता है कि भक्ति के दो पुत्र हैं - ज्ञान और वैराग्य, जो संसार में मोह के कारण वृद्ध हो गए हैं। भागवत कथा के श्रवण से ये दोनों पुनः युवा हो जाते हैं।दिव्य ज्ञान मनुष्य के भीतर की आसक्ति, ममता और अज्ञान की गाठों को काट डालता है।यह कथा भागवत के महत्व को दर्शाती है कि कैसे पापी व्यक्ति का भी उद्धार हो सकता है, अगर वह पूरे सात दिनों तक श्रद्धा से श्री मदभागवत कथा सुने तो उसे निश्चित ही परमात्मा की प्राप्ति होती है। ज्ञान स्थापित करता है कि कथा का मुख्य उद्देश्य सांसारिक दुखों से मुक्त होकर भक्ति प्राप्त करना है।वैराग्य का अर्थ है कि कथा संसार को छोड़ने के लिए नहीं, बल्कि संसार में रहते हुए मोह को त्यागने और भगवान से जुड़ने का संदेश देती है। इस मौके पर ननुआ सिंह, ओमपाल सिंह, मास्टर पूरन सिंह, लालसिंह, दयाराम सिंह, जगदीश सिंह ठेकेदार,पूरन सिंह, विनोद कुमार, प्रशांत, सनी आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह 8 मार्च को होगा

**जागरण मोर्चा, चंदौसी**। अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक घंटाघर स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। जिसमें 8 मार्च को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष विवेक चौधरी ने कहा कि रंगों के त्योहार, भाईचारे का संदेश देता है, सामाजिक एकता के प्रतीक होली के त्योहार के उपलक्ष्य में 8 मार्च को घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर योगेंद्र मोहन शास्त्री, विनय अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता, कृष्ण गोपाल गुप्ता, योगेंद्र कुमार शर्मा, संजय गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, डा. जयशंकर दुबे, बृजेश चौहान, क्षेम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# मृतकों के परिजनों को सपा सुप्रीमो के निर्देश पर कमाल अख्तर ने सौंपी आर्थिक सहायता

जागरण मोर्चा कार्यालय





मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देते हुए कमाल अख्तर एवं अन्य। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पिछले वर्ष उत्तराखंड में आई भीषण बाढ़ के दौरान डूबने से मृत्यु हो जाने वाले विधानसभा हसनपुर क्षेत्र के ग्राम रहरा निवासी प्रीतम केवट, पुष्पेंद्र कश्यप एवं पंकज सैनी के शोकाकुल परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई, इस क्रम में विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर तथा विधायक नूरपुर रामोतार सैनी ग्राम रहरा पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की, उनके दुख में सहभागी बने, शोक संवेदना व्यक्त की तथा समाजवादी पार्टी की ओर से प्रत्येक परिवार को पचास-पचास हजार रुपये के सहायता चेक प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक कांठ पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख़्तर ने कहा कि किसी परिवार के कमाने वाले सदस्य का इस तरह असमय चले जाना पूरे परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति होती है, ऐसे कठिन समय में समाजवादी पार्टी परिवारों के साथ खड़ी है और आगे भी हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार रहेगी, उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव हमेशा से ही गरीब, मजदूर, पिछड़े, किसान और वंचित वर्गों के दुख-दर्द को समझते हैं और समाजवादी विचारधारा के अनुसार समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। ग्राम रहरा में सहायता राशि प्राप्त करने वालों में स्वर्गीय प्रीतम केवट के परिवार से माया देवी , स्वर्गीय पुष्पेंद्र कश्यप के परिवार से प्यारे कश्यप तथा स्वर्गीय पंकज सैनी के परिवार से जगवती सैनी को चेक प्रदान किए गए। इस दौरान परिजनों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, विधायक कांठ कमाल अख्तर तथा विधायक नूरपुर रामोतार सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में उनका साथ और सहयोग परिवार के लिए एक बड़ी संबल है। इस दौरान अनुज त्यागी उर्फ गोलू , हरीश कश्यप, गोपी सैनी, छोटे लाल बाल्मीकि, धीरज शर्मा, केसर परवेज़, जफरूद्दीन नेता जी, अजय पाल प्रधान, मनोज त्यागी, राममोतार यादव, सोनू अफसर, नीरज, त्यागी सचिन, जसवीर, यामीन, शुभम, खचड़ खड़गवंशी, कमलवीर, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

आयोजन ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक में 47 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

# भारतीय किसान संघ की हुई मासिक बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



भारतीय किसान संघ की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर**। भारतीय किसान संघ की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक में 47 वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया और संगठन को और मजबूत करने पर वल दिया गया। शनिवार को विकासखंड गंगेसी कार्यालय में भारतीय किसान संघ की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा के नेता में संगठन का 47 वां स्थापना दिवस बनाया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वप्रथम भारतीय किसान संघ के संस्थापक, भारत माता एवं भगवान बलराम के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा द्वारा कहा गया कि भारतीय किसान संघ की स्थापना किसने के हितों की रक्षा करने के लिए की गई थी, बैठक में संगठन के विस्तार एवं सदस्य अभियान को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद किसानों की समस्याओं से संबंधित विज्ञापन सहायक विकास अधिकारी गंगेश्वरी को सोपा गया। बैठक में जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, दिव्यांशु यादव, अखिलेश शर्मा, हरि प्रकाश राणा, जयप्रकाश शर्मा, बॉबी कुमार, मुकेश कुमार, उपदेश, रामदेव, सोमपाल, पहलाद, चंद्र सेन, प्रेम सिंह, दीपक, कुंवर पाल सिंह, रामदेव आदि किसान मौजूद रहे।

## भारत की जीत को लेकर की पूजा-अर्चना




मंदिर में पूजा-अर्चना करते क्रिकेट प्रेमी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी**। शनिवार की शाम सीता रोड स्थित श्रीराम मंदिर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। जिसमें रविवार को होने वाले भारत व न्यूजीलैंड के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की जीत की कामना की गई। अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि हम सब यही प्रार्थना करते हैं कि भारतीय टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखे और एक बार फिर टी-20 वर्ल्ड कप लाए। मंदिर परिसर भारत माता की जय व टीम इंडिया की जीत के नारे से गूंज उठा। डा. टीएस पाल ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ-साथ 140 करोड़ देशवासियों की शुभकामनाएं है कि भारत फाइनल मैच जरूर जीतेगा। इस अवसर पर रितिक वार्ष्णेय, रमाकांत, गणेश वार्ष्णेय, कुश रावत, सुमित यादव, विक्की गौर, सोनू कुमार, प्रियांशु कुमार, हेमंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# एम्बुलेंस, बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में चार गंभीर रूप से घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



घायलों का उपचार करते चिकित्सक। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर शनिवार दोपहर आगापुर पुलिया के निकट सड़क हादसे में बाइक, स्कूटी और एम्बुलेंस की आपस में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हापुड़ के ब्रजघाट निवासी मदनपाल शर्मा स्कूटी से एक मरीज को लेकर नगर आ रहे थे। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार खुशनसीब और समीर निवासी रुड़की, मुजफ्फरनगर, जो कोल्ड स्टोर से काम कर गजरौला लौट रहे थे, की स्कूटी से आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

इसी दौरान संभल के बहजोई निवासी आस मोहम्मद अपनी एम्बुलेंस से मरीज लेकर दिल्ली एम्स जा रहे थे। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक उछलकर एम्बुलेंस से जा टकराई, जिससे एम्बुलेंस भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112' पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# महिलाएं त्याग, संघर्ष और सफलता का आधार

भारत की सनातन संस्कृति में महिलाओं की तुलना देवियों से की गई है। उन्हें लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती जैसा सर्वोच्च सम्मान, पवित्रता, शक्ति और मातृत्व का प्रतीक मानने की परिपाटी है। यह धारणा नारी को पूजनीय, त्याग-तपस्या की मूर्ति और परिवार की रक्षक के रूप में प्रतिष्ठित करती है। यह केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते, तत्र देवता' के अनुसार नारी शक्ति के आदर का प्रतीक माना जाता है। महिलाओं को देवी मानना उनके सम्मान की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है, जो भारतीय संस्कृति में शक्ति और सृजन के रूप में उनके महत्व को स्थापित करता है।

भारतीय संस्कृति में महिला को दुर्गा, काली का रूप माना है, क्योंकि वह परिवार की रक्षा, पोषण और नैतिक विकास की आधारशिला हैं। उसे लक्ष्मी का रूप भी माना है क्योंकि उसे लक्ष्मी का रूप मानकर घर-घर में सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। ज्ञान और सृजन के रूप सरस्वती भी माना है क्योंकि महिलाएं शिक्षा, सृजनात्मकता और ज्ञान की वाहक मानी जाती हैं। मातृत्व और ममता की प्रतिमूर्ति माना गया है।

विश्व में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। सबसे पहले 28 फरवरी, 1909 को न्यूयॉर्क शहर में अमेरिकी समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित ' महिला दिवस ' मनाया गया था। उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए, कम्युनिस्ट कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ क्लारा जेटकिन ने 'कार्यशील महिला दिवस' मनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे 1910 में कोपेनहेगन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी महिला सम्मेलन में मंजूरी प्रदान की गई, हालांकि इसकी कोई निश्चित तिथि तय नहीं की गई थी। व्लादिमीर लेनिन ने 1917 की रूसी क्रांति में महिलाओं की सक्रिय भूमिका को देखते हुए 8 मार्च, 1922 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया। इसके बाद समाजवादी आंदोलन और कम्युनिस्ट देशों की ओर से इसी तिथि पर महिला दिवस मनाया जाने लगा । 1975 में संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को आधिकारिक रूप से मनाना प्रारंभ किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कई देशों में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर रखा है।संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर महिलाओं को सशक्त, शिक्षित और स्वतंत्र देखना चाहते थे, जिन्हें वे सामाजिक प्रगति का आधार मानते थे। उन्होंने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति, विवाह, तलाक और शिक्षा में समानता दिलाने का ऐतिहासिक प्रयास किया। उनका मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की स्थिति से मापी जा सकती है। महिला सशक्तीकरण का अर्थ है- उन्हें अपने अधिकारों को समझने और समाज में निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करना, जिससे एक मजबूत और संतुलित समाज का निर्माण हो सके। 8 मार्च का दिन जो पूरी दुनिया में नारी शक्ति को समर्पित है। यह दिन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के योगदान को पहचानने और समानता के लिए संघर्ष करने की याद दिलाता है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाएं अपनी सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाती हैं और लैंगिक समानता की वकालत करती हैं। इस दिन वे रैलियों, सेमिनारों, नेटवर्किंग कार्यक्रमों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेती हैं। साथ ही, महिलाएं महिला-केंद्रित चौरिटी के लिए फंड जुटाने, स्वास्थ्य शिविरों में जाने और स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर काम करने जैसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाती हैं।

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के पीछे महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का दिन माना है। यह दिन महिलाओं के संघर्ष को याद करने और उन्हें सशक्त बनाने का संकल्प लेने का अवसर भी है। वैदिक काल से महिलाओं को पुरुषों के समान आदर और शिक्षा का अधिकार प्राप्त था, गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषी महिलाएं भी थीं। यह तुलना नारी के प्रति सम्मान का प्रतीक है, लेकिन कभी-कभी यह महिलाओं को ईश्वरीय आदर्शों के तहत सीमित करने या रूढ़िवादी छवि (जैसे सिर्फ ममतामयी मां) में बांधने का कारण भी बन सकती है। जहां एक ओर उन्हें देवी का रूप दिया जाता है, वहीं समाज में उनके खिलाफ हिंसा और सम्मान में कमी जैसे विरोधाभास भी देखने को मिलते हैं। समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत बहुआयामी और महत्वपूर्ण मानी गई है। वे न केवल परिवार का पालन -पोषण कर रही है। बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और राजनीति जैसे क्षेत्रों में भी पीछे नहीं हैं। आधुनिक समय में भी वे पारंपरिक घरेलू जिम्मेदारियों के साथ-साथ कामकाजी जीवन में बखूबी निभा रही हैं, जो देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में भरपूर योगदान है। महिला सशक्तीकरण का अर्थ है उन्हें अपने अधिकारों को समझने और समाज में निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करना, जिससे एक मजबूत और संतुलित समाज का निर्माण हो सके। 8 मार्च का दिन जो पूरी दुनिया में नारी शक्ति को समर्पित है। यह दिन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के योगदान को पहचानने और समानता के लिए संघर्ष करने की याद दिलाता है। बहरहाल, हम यही कह सकते हैं कि महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें उचित शिक्षा और समान अवसर प्रदान करने से समाज में न केवल विकास होता है, बल्कि एक समतामूलक और जागरूक समाज का निर्माण भी होता है। एक शिक्षित और सशक्त महिला न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे राष्ट्र का भविष्य बदल सकती हैं।

# किशनगंज सैन्य छावनी को लेकर दोहरी राजनीति कब तक?

ओम पराशर

किशनगंज में प्रस्तावित सैन्य छावनी को लेकर खड़ा किया गया विवाद केवल भूमि अधिग्रहण का प्रश्न नहीं है, यह नेतृत्व की विश्वसनीयता की अग्निपरीक्षा है। किसान चिंतित हैं और चिंता स्वाभाविक है लेकिन असली सवाल यह है कि क्या जनप्रतिनिधि इन चिंताओं का समाधान खोज रहे हैं या उन्हें राजनीतिक ढाल बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं? जब वही नेता संसद में खड़े होकर किशनगंज से जुड़े सिलीगुड़ी गलियारे को देश की जीवनरेखा बताते हैं, उसे सामरिक दृष्टि से अनिवार्य मानते हैं, उत्तर-पूर्व को जोड़ने वाली परियोजनाओं को राष्ट्रीय आवश्यकता घोषित करते हैं, तब उनकी आवाज़ में राष्ट्रहित गूंजता है। किंतु जब उसी भूभाग में सेना की स्थायी उपस्थिति की बात आती है, तो वही स्वर विरोध में बदल जाता है। यह विरोध केवल नीति का नहीं, नीयत का भी परीक्षण है। क्या सुरक्षा केवल रेल लाइन तक सीमित है? क्या परिवहन ढांचा सामरिक है, पर उसकी रक्षा के लिए सैनिक उपस्थिति असामरिक? यदि गलियारे की मजबूती आवश्यक है, तो उसकी सुरक्षा की रीढ़ क्यों विवादास्पद बना दी जाती है? यह विरोधाभास संयोग नहीं हो सकता। यह राजनीतिक सुविधा का गणित है।

भूमि अधिग्रहण निःस्संदेह संवेदनशील विषय है। किसानों की आजीविका सर्वोपरि है। परंतु नेतृत्व का दायित्व केवल भावनाओं को हवा देना नहीं बल्कि तथ्यों को स्पष्ट करना भी है। क्या किसानों को बताया गया कि सीमांत क्षेत्र में सैन्य छावनी केवल जमीन का उपयोग नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की दीर्घकालिक सुरक्षा और स्थिरता की गारंटी है? क्या संवाद हुआ, या केवल आशंका को उछाला गया?

राष्ट्र की सुरक्षा खंडों में नहीं चलती। रेल, सड़क, संचार और सैन्य उपस्थिति, ये सब मिलकर समग्र सुरक्षा तंत्र बनाते हैं। यदि एक का समर्थन और दूसरे का विरोध किया जाए, तो यह रणनीतिक दृष्टि नहीं, राजनीतिक अवसरवाद कहलाता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि सुरक्षा जैसे विषय को भी पहचान और ध्रुवीकरण के चश्मे से देखा जाने लगा है। सेना की छावनी कोई सांप्रदायिक या राजनीतिक प्रतीक नहीं होती; वह राष्ट्रीय एकता का संरक्षक स्तंभ होती है। उसे विवाद का विषय बनाना दूरगामी खतरों को आमंत्रण देना है।

किशनगंज के नागरिक यह जानने के अधिकारी हैं कि उनके नाम पर कौन-सी राजनीति की जा रही है। क्या सचमुच उनकी चिंता प्राथमिक है, या यह एक बड़े राजनीतिक खेल का मोहरा है? नेतृत्व का अर्थ केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि कठिन निर्णयों के समय साहस दिखाना भी है।

यदि जनप्रतिनिधि सचमुच किसानों के हितैषी हैं, तो उन्हें पुनर्वास, उचित मुआवजा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना चाहिए, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ही संदिग्ध ठहराना चाहिए। विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं।

आज किशनगंज में जो हो रहा है, वह केवल एक जिले का प्रश्न नहीं है। यह उस राजनीतिक संस्कृति का दर्पण है, जहां राष्ट्रहित और जनभावना के बीच कृत्रिम टकराव पैदा कर लाभ उठाने की कोशिश की जाती है। समय आ गया है कि नेता तय करें कि वे इतिहास में दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता के रूप में दर्ज होना चाहते हैं, या क्षणिक राजनीति के शोर में खो जाना चाहते हैं। किशनगंज की यह कसौटी केवल स्थानीय नहीं, राष्ट्रीय स्मृति में अंकित होगी।(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

परियोजनाओं को राष्ट्रीय आवश्यकता घोषित करते हैं, तब उनकी आवाज़ में राष्ट्रहित गूंजता है। किंतु जब उसी भूभाग में सेना की स्थायी उपस्थिति की बात आती है, तो वही स्वर विरोध में बदल जाता है। यह विरोध केवल नीति का नहीं, नीयत का भी परीक्षण है। क्या सुरक्षा केवल रेल लाइन तक सीमित है? क्या परिवहन ढांचा सामरिक है, पर उसकी रक्षा के लिए सैनिक उपस्थिति असामरिक? यदि गलियारे की मजबूती आवश्यक है, तो उसकी सुरक्षा की रीढ़ क्यों विवादास्पद बना दी जाती है? यह विरोधाभास संयोग नहीं हो सकता। यह राजनीतिक सुविधा का गणित है। भूमि अधिग्रहण निःस्संदेह संवेदनशील विषय है। किसानों की आजीविका सर्वोपरि है। परंतु नेतृत्व का दायित्व केवल भावनाओं को हवा देना नहीं बल्कि तथ्यों को स्पष्ट करना भी है। क्या किसानों को बताया गया कि सीमांत क्षेत्र में सैन्य छावनी केवल जमीन का उपयोग नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की दीर्घकालिक सुरक्षा और स्थिरता की गारंटी है? क्या संवाद हुआ, या केवल आशंका को उछाला गया? राष्ट्र की सुरक्षा खंडों में नहीं चलती। रेल, सड़क, संचार और सैन्य उपस्थिति, ये सब मिलकर समग्र सुरक्षा तंत्र बनाते हैं। यदि एक का समर्थन और दूसरे का विरोध किया जाए, तो यह रणनीतिक दृष्टि नहीं, राजनीतिक अवसरवाद कहलाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि सुरक्षा जैसे विषय को भी पहचान और ध्रुवीकरण के चश्मे से देखा जाने लगा है। सेना की छावनी कोई सांप्रदायिक या राजनीतिक प्रतीक नहीं होती; वह राष्ट्रीय एकता का संरक्षक स्तंभ होती है। उसे विवाद का विषय बनाना दूरगामी खतरों को आमंत्रण देना है। किशनगंज के नागरिक यह जानने के अधिकारी हैं कि उनके नाम पर कौन-सी राजनीति की जा रही है। क्या सचमुच उनकी चिंता प्राथमिक है, या यह एक बड़े राजनीतिक खेल का मोहरा है? नेतृत्व का अर्थ केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि कठिन निर्णयों के समय साहस दिखाना भी है। यदि जनप्रतिनिधि सचमुच किसानों के हितैषी हैं, तो उन्हें पुनर्वास, उचित मुआवजा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना चाहिए, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ही संदिग्ध ठहराना चाहिए। विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। आज किशनगंज में जो हो रहा है, वह केवल एक जिले का प्रश्न नहीं है। यह उस राजनीतिक संस्कृति का दर्पण है, जहां राष्ट्रहित और जनभावना के बीच कृत्रिम टकराव पैदा कर लाभ उठाने की कोशिश की जाती है। समय आ गया है कि नेता तय करें कि वे इतिहास में दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता के रूप में दर्ज होना चाहते हैं, या क्षणिक राजनीति के शोर में खो जाना चाहते हैं। किशनगंज की यह कसौटी केवल स्थानीय नहीं, राष्ट्रीय स्मृति में अंकित होगी।(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।) राष्ट्र की सुरक्षा खंडों में नहीं चलती। रेल, सड़क, संचार और सैन्य उपस्थिति, ये सब मिलकर समग्र सुरक्षा तंत्र बनाते हैं। यदि एक का समर्थन और दूसरे का विरोध किया जाए, तो यह रणनीतिक दृष्टि नहीं, राजनीतिक अवसरवाद कहलाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि सुरक्षा जैसे विषय को भी पहचान और ध्रुवीकरण के चश्मे से देखा जाने लगा है। सेना की छावनी कोई सांप्रदायिक या राजनीतिक प्रतीक नहीं होती; वह राष्ट्रीय एकता का संरक्षक स्तंभ होती है। उसे विवाद का विषय बनाना दूरगामी खतरों को आमंत्रण देना है। किशनगंज के नागरिक यह जानने के अधिकारी हैं कि उनके नाम पर कौन-सी राजनीति की जा रही है। क्या सचमुच उनकी चिंता प्राथमिक है, या यह एक बड़े राजनीतिक खेल का मोहरा है? नेतृत्व का अर्थ केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि कठिन निर्णयों के समय साहस दिखाना भी है। यदि जनप्रतिनिधि सचमुच किसानों के हितैषी हैं, तो उन्हें पुनर्वास, उचित मुआवजा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना चाहिए, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ही संदिग्ध ठहराना चाहिए। विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं।

# एआई, क्वांटम और सेमी कंडक्टर्स से लेकर ऊर्ज़ा व खनिज तक, व्यापक है भारत-कनाडा अनुबंध

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत और कनाडा के रिश्तों में बीते कुछ वर्षों में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की हालिया मुलाकात ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा और ऊ.र्जा दी है। भारत के चार दिवसीय दौरे पर आए कनाडा के प्रधानमंत्री के साथ हुई वार्ताओं में जिस तरह से भविष्य की तकनीक, ऊ.र्जा सुरक्षा, सप्लाई चेन और व्यापार विस्तार पर ठोस समझौते हुए, वे 21वीं सदी की वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका को और मजबूत करने वाले कदम हैं।

यह दौरा ऐसे समय हुआ है जब दुनिया तकनीकी क्रांति, ऊ.र्जा संक्रमण और सप्लाई चेन संकट के दौर से गुजर रही है। इसलिए भारत और कनाडा के बीच हुआ यह सहयोग दोनों देशों के लिए रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से बेहद अहम साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कही गई यह बात कि ॄहमारी पहली बैठक में ही दोनों देशों के संबंधों में नई ऊ.र्जा, परस्पर विश्वास और सकारात्मकता आई है,ङ्क पिछले कुछ वर्षों में रिश्तों में आई ठंडक को पिघलाने की एक गंभीर कोशिश का रूप में साफ दिखाई देती है।

कहना होगा कि भारत और कनाडा दोनों लोकतांत्रिक मूल्य, मानवाधिकार और बहुलतावादी समाज में विश्वास रखने वाले देश हैं। दोनों का साझा विजन 'मानवता की भलाई' है। इसी साझा सोच को अब ॄनेक्स्ट पार्टनरशिपङ्क यानी भविष्य की रणनीतिक साझेदारी में बदलने की कोशिश की जा रही है। साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य इस दिशा में एक ठोस रोडमैप प्रस्तुत करता है।

भारत और कनाडा के बीच हुए समझौतों का सबसे महत्वपूर्ण और दूरगामी असर डालने वाला पक्ष है, भविष्य की तकनीकों में सहयोग। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, सुपरकंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत को तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज दुनिया नई तकनीकी दौड़ में शामिल है, जहां डेटा, कंप्यूटिंग क्षमता और चिप निर्माण ही शक्ति संतुलन तय कर रहे हैं। अमेरिका-चीन टेक वॉर के बीच भारत के लिए यह अवसर है कि वह विश्वसनीय तकनीकी साझेदार के रूप में उभरे। कनाडा इस क्षेत्र में शोध, नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम में मजबूत स्थिति रखता है, जबकि भारत के पास विशाल टैलेंट पूल और तेजी से बढ़ता डिजिटल बाजार है।

भारत और कनाडा के बीच हुए समझौतों का सबसे महत्वपूर्ण और दूरगामी असर डालने वाला पक्ष है, भविष्य की तकनीकों में सहयोग। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, सुपरकंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर्स जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत को तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज दुनिया नई तकनीकी दौड़ में शामिल है, जहां डेटा, कंप्यूटिंग क्षमता और चिप निर्माण ही शक्ति संतुलन तय कर रहे हैं। अमेरिका-चीन टेक वॉर के बीच भारत के लिए यह अवसर है कि वह विश्वसनीय तकनीकी साझेदार के रूप में उभरे। कनाडा इस क्षेत्र में शोध, नवाचार और स्टार्टअप इकोसिस्टम में मजबूत स्थिति रखता है, जबकि भारत के पास विशाल टैलेंट पूल और तेजी से बढ़ता डिजिटल बाजार है।
अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स और निजी उद्योगों को जोड़ने की योजना भारत के न्यू स्पेस सेक्टर के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। इसरो की सफलताओं के बाद भारत में अंतरिक्ष स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। कनाडा के साथ साझेदारी से तकनीक, फंडिंग और वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान होगी। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ ही भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बन सकता है।
ऊ.र्जा क्षेत्र में हुआ सहयोग भारत-कनाडा संबंधों का दूसरा बड़ा स्तंभ है। हाइड्रोकार्बन्स, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊ.र्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत की ऊ.र्जा सुरक्षा और जलवायु लक्ष्यों दोनों के लिए अहम है। वस्तुतः भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उसकी ऊ.र्जा जरूरतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं कनाडा के पास प्राकृतिक संसाधनों और स्वच्छ ऊ.र्जा तकनीकों का विशाल भंडार है। दोनों देशों के सहयोग से ऊ.र्जा आपूर्ति स्थिर होगी, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में भी ठोस प्रगति संभव होगी।

अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स और निजी उद्योगों को जोड़ने की योजना भारत के न्यू स्पेस सेक्टर के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। इसरो की सफलताओं के बाद भारत में अंतरिक्ष स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। कनाडा के साथ साझेदारी से तकनीक, फंडिंग और वैश्विक बाजार तक पहुंच आसान होगी। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ ही भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बन सकता है।

ऊ.र्जा क्षेत्र में हुआ सहयोग भारत-कनाडा संबंधों का दूसरा बड़ा स्तंभ है। हाइड्रोकार्बन्स, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊ.र्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में साझेदारी, भारत की ऊ.र्जा सुरक्षा और जलवायु लक्ष्यों दोनों के लिए अहम है। वस्तुतः भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उसकी ऊ.र्जा जरूरतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं कनाडा के पास प्राकृतिक संसाधनों और स्वच्छ ऊ.र्जा तकनीकों का विशाल भंडार है। दोनों देशों के सहयोग से ऊ.र्जा आपूर्ति स्थिर होगी, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में भी ठोस प्रगति संभव होगी।

'भारत-कनाडा रिन्यूएबल एनर्जी और स्टोरेज समिट' का आयोजन इस साझेदारी को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मंच बनेगा। इसके साथ ही कनाडा का अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस (ऋॠइ) और ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में शामिल होना, भारत की वैश्विक नेतृत्व भूमिका को और मजबूत करता है।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में क्रिटिकल मिनरल्स जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकल और रेयर अर्थ एलिमेंट्स का महत्व किसी भी देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति को तय करता है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर और रक्षा उपकरण इन्हीं पर निर्भर हैं। कनाडा इन खनिजों का बड़ा उत्पादक है, जबकि भारत इनका बड़ा उपभोक्ता बनने जा रहा है। ऐसे में क्रिटिकल मिनरल्स पर हुआ ख्रधठ भारत की सप्लाई चेन सुरक्षा के लिए बेहद अहम है। इससे चीन पर निर्भरता कम होगी और भारत को अपनी ग्रीन एनर्जी व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी योजनाओं के लिए स्थायी आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

यह अनुबंध रणनीतिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति को मजबूत करता है, क्योंकि भविष्य की लड़ाइयाँ संसाधनों और तकनीक पर आधारित होंगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताया गया कि कनाडा के पेंशन फंड्स ने भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, यह भारत की अर्थव्यवस्था पर वैश्विक विश्वास का बड़ा संकेत है। इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, फिनटेक और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में यह निवेश रोजगार सृजन और विकास की गति को तेज करेगा।

सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस और जॉइंट पल्स प्रोटीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर हुए समझौते कृषि, खाद्य सुरक्षा और व्यापार संतुलन को मजबूत करेंगे। इससे किसानों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई सेक्टर को सीधा लाभ मिलेगा। अतः इन तथ्यों के आधार पर आज यही कहना होगा कि भारत-कनाडा अनुबंध को सिर्फ द्विपक्षीय नजरिए से देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह साझेदारी वैश्विक शक्ति संतुलन में भारत की स्थिति को और मजबूत करती है। पश्चिमी देशों के साथ मजबूत संबंध भारत को एक भरोसेमंद, स्थिर और लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में स्थापित करते हैं।

# जिला सहकारी बैंक की कार्यशील पूंजी 1000 करोड़ पार

## ● 87वीं वार्षिक बैठक में बोले केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहजहांपुर।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड शाहजहांपुर की 87वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक शनिवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने बैंक की वित्तीय प्रगति की सराहना करते हुए किसानों से खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि बैंक की कार्यशील पूंजी पहली बार 1000 करोड़ रुपये के पार पहुंचकर 1004.36 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं बैंक की अंशपूंजी 27.95 करोड़ से बढ़कर 41.48 करोड़ रुपये हो गई है। बैंक का शुद्ध लाभ भी पिछले वर्ष के 1.02 करोड़ रुपये से बढ़कर 2.07 करोड़ रुपये हो गया है। रिकवरी रेट 75.03 प्रतिशत और नेट एनपीए 0.84 प्रतिशत रहने से बैंक का ए श्रेणी का ऑडिट वर्गीकरण बरकरार है। बैंक की 22 में से 20 शाखाएं मुनाफे में चल रही हैं। जितिन प्रसाद ने कहा कि आज के समय में खेती में आधुनिक तकनीक का उपयोग जरूरी है। एआई तकनीक से मौसम का पूर्वानुमान, मिट्टी की जांच और फसलों में रोगों की पहचान पहले से संभव हो रही है, जिससे किसानों की लागत कम और उत्पादन अधिक हो सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय (बी-पैक्स) बनाकर उन्हें कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 3000 से अधिक बी-पैक्स का कंप्यूटरीकरण किया जा चुका है, जिससे किसानों को गांव में ही बैंकिंग और सरकारी सुविधाएं मिल रही हैं। खाद वितरण में पारदर्शिता के लिए सख्त नियम भी लागू किए गए हैं। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार ने कहा कि बैंक की प्रगति किसानों के सशक्तिकरण का संकेत है। लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि बी-पैक्स के कंप्यूटरीकरण से किसानों को बिचैलियों से राहत मिली है। जिला सहकारी बैंक के सभापति डी.पी.एस. राठौर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि बैंक किसानों की सेवा के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इस दौरान गुरगवां पैक्स सभापति आयुष सिंह और नियामतपुर पैक्स सभापति तनु यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, महापौर अर्चना वर्मा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# चाइनीज मांझे से बाइक सवार की गर्दन कटी, हालत गंभीर

## ● रिश्तेदार से होली मिलकर लौट रहे थे घर, नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बाजपुर कुमिरखा निवासी राम लड़ैते (40) के रूप में हुई है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार राम लड़ैते अपने एक साथी के साथ तिलहर थाना क्षेत्र में रिश्तेदार के घर होली मिलने गए थे। शुक्रवार शाम को वह बाइक से वापस घर लौट रहे थे। कटरा थाना क्षेत्र में सरयू के पास नेशनल हाईवे पर अचानक उनकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया। गनीमत रही कि उस समय बाइक की रफ्तार ज्यादा नहीं थी। मांझा गर्दन में फंसते ही उन्हें खून निकलने का एहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने तुरंत बाइक रोक दी। पीछे बैठे साथी ने आसपास के लोगों को बुलाया। मौके पर पहुंचे लोगों ने कपड़ा बांधकर खून रोकने की कोशिश की और उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, जिसके बाद परिजन उन्हें लेकर चले गए। गौरतलब है कि चाइनीज मांझे से पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। करीब दो साल पहले अजीजगंज रोड पर एक कांस्टेबल की गर्दन कटने से मौत हो गई थी। वहीं भाई दूज के दिन रोजा थाना क्षेत्र में भी एक युवक की चाइनीज मांझे की चपेट में आने से जान चली गई थी। सीएम के सख्त निदेर्शों के बावजूद जिले में चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। बड़ी घटना के बाद पुलिस कुछ दिनों तक कार्रवाई करती है, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 35 शिकायतों में 5 का मौके पर निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** तहसील सदर में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका जल्द व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से उनका समाधान किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिया कि आईजीआरएस और अन्य माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों की जांच के दौरान अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के साथ जीपीएस लोकेशन सहित फोटो लें और उसे पोर्टल पर अपलोड करें। डीएम ने आईजीआरएस शिकायतों को गलत तरीके से स्पेशल क्लोज किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि ऐसा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार पांडे समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पेट्रोल पंपों पर बोतल में पेट्रोल-डीजल बेचना सख्त मना

**उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**शाहजहांपुर।** जनपद में पेट्रोल और डीजल की बोतल या खुले रूप में बिक्री पर सख्ती कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने सभी पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि किसी भी हालत में पंप से ईंधन की बिक्री वाहनों के अलावा खुले या खुदरा रूप में नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि बोतल या अन्य खुले बर्तनों में पेट्रोल-डीजल बेचना शासनादेश के खिलाफ है और इससे आम लोगों की सुरक्षा और संपत्ति को भी खतरा हो सकता है। इसलिए सभी पंप संचालकों को नियमों का पालन करते हुए केवल निर्धारित वाहनों में ही ईंधन भरना होगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि किसी पेट्रोल पंप पर खुले रूप में पेट्रोल या डीजल की बिक्री करते हुए पाया गया, तो संबंधित संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्यार के कटोरे में गंगा का पानी - भोपाली

## ● कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में शायरों ने समां बांधा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**तिलहर-शाहजहांपुर।** वरिष्ठ आईपीएस शिव मुरारी सहाय के निज निवास हिन्दुपट्टी ड्यूढी पर होली के उपलक्ष्य में हर साल की भांति 26 वाँ कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। जिस में हिंदुस्तान के मशहूर शायरों व कवियों ने शिरकत कर कलाम पेश किए। मुशायरे में वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना व मीरानपुर कटरा के विधायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस मौजूद रहे। मशहूर शायर मंजर भोपाली ने अपनी गीत व गजलों से समा बांध दिया उन्होंने सुनाया तुम भी पियो हम भी पीएं रब की मेहरबानी ,प्यार के कटोरे में गंगा का पानी। दिल्ली से आए शायर इकबाल अशर ने सुनाया उर्दू है मेरा नाम मैं खुसरो की पहली ,मैं मीर की हमराज हूं गालिब की सहेली। हिमांशी बाबरा ने सुनाया दिल ऐसे मुब्तिला हुआ तेरे मलाल में ,जुल्फें सफेद हो गईं उन्नीस साल में। चराग शर्मा ने सुनाया तितली का शौक है न गुलाबों का शौक है,मेरी तरह उसे भी किताबों का शौक है।

अफजल इलाहाबादी ने कहा मेरी तामीर मुकम्मल नहीं होने पाती,कोई बुनियाद हिलाता है चला जाता है। अनवर अमान ने सुनाया ये काम कितने सलीके से कर गया कोई ,नजर के रास्ते दिल में उतर गया कोई। पंडित सुनील सौम्य ने सुनाया भावनाओं से पतला तरल भी नहीं ,वेदनाओं से बढ़कर गरल भी नहीं । प्रीति पाण्डेय ने सुनाया जब जी चाहे उठा करेंगे जब जी चाहे सोएं ,आधे कपड़े तुम धो लेना आधे को हम धोएं । नदीम फर्रुख ने फरमाया अगर जबान अता की है तो सदा भी दे ,वगरना हरफे गलत की तरह मिटा भी दे। शाश्वत सिंह दर्पण ने सुनाया प्यार में उसके सारी बातें खिलते फूल के जैसी हैं ,और गुस्से में बोला जुमला बात नहीं है आरी है। गुलिस्तां खान ने सुनाया दो साए कड़ी धूप में एक जान हुए है ,इस बात से कुछ लोग परेशान हुए हैं। मुशायरे में शिव मुरारी सहाय, धनंजय सहाय,अनंत सहाय,गौरव सहाय,सौरभ सहाय,रामऔता गुप्ता , प्रदीप गुप्ता, प्रिंस गुप्ता , सगीर खान, आमिर मियां, साजिद अली खान,राहत उल्ला खान समेत तमाम गणमान्य व श्रोतागण मौजूद रहे। मुशायरा समापन पर आयोजक शिवमुरारी सहाय ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# सड़क किनारे खड़ी कार में लगी आग दमकल ने एक घंटे में पाया काबू

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** अजीजगंज रोड पर देर रात सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार से धुआं निकलने लगा और आग तेजी से फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंच गया और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब दस बजे खड़ी कार से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में आग की लपटें तेज हो गईं। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुछ देर के लिए यातायात रुकवा दिया, ताकि दमकल की गाड़ी आसानी से आग बुझाने का काम कर सके। बताया जा रहा है कि कार जलालाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले राहुल की है। राहुल अपने एक परिचित मरीज को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने आए थे। मरीज को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उन्होंने कार को सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। कुछ देर बाद ही कार में आग लग गई। चैक कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि कार से एक मरीज को अस्पताल लाया गया था। कार जलालाबाद के एक व्यक्ति की बताई जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# चलती डबल डेकर बस में यात्रियों से मारपीट

## ● टिकट विवाद पर हाईवे पर रुकवाई बस

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती डबल डेकर बस में टिकट के पैसे को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद बस परिचालक और उसके साथियों ने कुछ यात्रियों के साथ मारपीट कर दी। घटना के दौरान बस में करीब 100 यात्री सवार थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी परिचालक को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार डबल डेकर बस संडीला से दिल्ली जा रही थी। हरदोई जिले के शाहबाद के कुछ यात्री चैक कोतवाली क्षेत्र के बरेली मोड़ के पास बस में सवार हुए थे। जब बस नगरिया मोड़ के पास हाईवे पर पहुंची तो परिचालक ने टिकट के पैसे लेने शुरू किए। एक टिकट का किराया 450 रुपये बताया गया, जबकि कुछ यात्रियों ने 400 रुपये दिए। इसी बात को लेकर बस के अंदर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर परिचालक ने यात्रियों को धक्का दिया और अपने साथियों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बस चालक बस को लगातार हाईवे पर चलाता रहा। बस के अंदर मची चीख-पुकार सुनकर एक बाइक सवार ने बस को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक ने बस नहीं रोकी। इसके बाद बाइक सवार ने तेज रफ्तार से बाइक बस के आगे लगाकर उसे रुकवाया और आसपास के ग्रामीणों को भी बुला लिया। इसके बाद चालक को बस रोकनी पड़ी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी परिचालक को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद करीब 25 यात्रियों ने उसी बस से आगे सफर करने से मना कर दिया, जिसके बाद उनका किराया वापस कर दिया गया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य कल करेंगी जनसुनवाई

## ● महिलाओं की शिकायतें सुनी जाएंगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए 9 मार्च को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जनसुनवाई सोमवार को सुबह 11 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित होगी, जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी मौजूद रहकर महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने बताया कि इस जनसुनवाई में संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, ताकि महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। आयोग घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न और महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी महिला को कोई शिकायत दर्ज करानी है, तो वह अपने प्रार्थना पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हो सकती हैं। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को अपराह्न 3 बजे निगोही ब्लॉक में जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। प्रशासन ने महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्याएं रखने की अपील की है।

# पत्नी की हत्या का आरोपी अस्पताल में भर्ती

## ● मां बोलीं बेटे ने नहीं पत्नी के प्रेमी ने की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** होली के दिन पत्नी की हत्या और उसके प्रेमी पर तेजाब फेंकने के आरोप में घायल मनमोहन पांडेय का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। वह पुलिस कस्टडी में है और उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों की निगरानी में उपचार किया जा रहा है। इसी बीच आरोपी की मां श्रीदेवी पांडेय अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने दावा किया कि उनके बेटे ने अपनी पत्नी आरती की हत्या नहीं की, बल्कि यह वारदात उसके प्रेमी बृजदीप ने की है।

श्रीदेवी पांडेय ने बताया कि मनमोहन ने उन्हें बताया कि उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घर बुलाया था। वहां पहुंचने पर बृजदीप ने उस पर कुछ फेंक दिया और फिर आरती और बृजदीप दोनों ने मिलकर उसे ईंट से बुरी तरह पीटा। मनमोहन को खुद भी समझ नहीं आया कि वहां क्या हुआ। मां का कहना है कि बृजदीप ही आरती और मनमोहन दोनों को रास्ते से हटाना चाहता था। उन्होंने बताया कि मनमोहन करीब दस साल से उनसे अलग रह रहा था। उसने अपनी बिरादरी से बाहर शादी की थी, जिसके कारण परिवार ने उससे दूरी बना ली थी। मनमोहन चार भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर का है और उसकी एक बेटी भी है। पुलिस के मुताबिक मृतका के भाई संजीव कुमार की तहरीर पर मनमोहन पांडेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और मामले की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि थाना आरसी मिशन क्षेत्र के रहने वाले मनमोहन पांडेय और उसकी पत्नी आरती के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था, जिसका मामला कोर्ट में भी चल रहा है। आरती पिछले कुछ समय से अपने प्रेमी बृजदीप के साथ बालाजी नगर कॉलोनी में किराये के मकान में रह रही थी। आरोप है कि होली के दिन मनमोहन वहां पहुंचा और दरवाजा खुलवाकर बृजदीप पर तेजाब फेंक दिया। इसके बाद उसने पत्नी आरती पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान मनमोहन और बृजदीप के बीच मारपीट भी हुई, जिसमें मनमोहन गंभीर रूप से घायल हो गया। चैक कोतवाली प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि आरोपी का मेडिकल कॉलेज में पुलिस कस्टडी में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की सलाह के बाद उसकी हालत में सुधार होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार मंदिर की दीवार से टकराई, मौत

**शाहजहांपुर।** सिंधौली क्षेत्र में देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने मंदिर की दीवार से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान जिले के दिलाजाक मोहल्ला निवासी अशोक राठौर के 23 वर्षीय पुत्र रितिक राठौर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रितिक अपने दो दोस्तों के साथ कार से घूमने निकला था और सिंधौली की तरफ चला गया था। हादसा खन्नौत नदी के पुल के पास हुआ। लौटते समय कार अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर तोड़ते हुए सड़क किनारे बने मंदिर की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के पुर्जे दूर-दूर तक बिखर गए और दीवार टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों के अनुसार रितिक की शादी करीब 10 महीने पहले ही सौम्या राठौर से हुई थी। कोतवाली प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है, जबकि दो लोग घायल हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# फाल्गुन महोत्सव में फूलों की होली, वित्त मंत्री ने बढ़ाया उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** चित्रा टॉकीज परिसर में वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड की ओर से फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और लोगों के साथ फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां, स्कूली बच्चों के नृत्य और फूलों की होली ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। सुप्रीत मौर्य और सोनम मिश्रा ने भजन व होली गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत कार्यक्रम अध्यक्ष नीतू गुप्ता, डॉ. दीपा दीक्षित, वर्षा गोस्वामी, रिद्धि बहल, रंजना तिवारी और स्वाति सिंह ने बुके भेंट कर किया। वहीं महासचिव सतीश सक्सेना, ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, अनुजदेव गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, संजय अग्रवाल और कौशलेंद्र मिश्रा ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। अपने संबोधन में मंत्री खन्ना ने कहा कि भारत के त्योहार हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ते हैं तथा समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में हास्य कवि अजीत शुक्ला (हरदोई) और दिनेश रस्तोगी ने काव्य पाठ से लोगों को खूब हंसाया, जबकि फैसल फैज ने अपनी कालजयी रचना मेरा शहर बहुत ही अच्छा था सुना कर खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव और स्वच्छता अभियान प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रा के माध्यम से लोगों को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने अतिथियों को गमले में पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा ने किया।

## परिवार परामर्श केंद्र में 15 मामलों की सुनवाई

**शाहजहांपुर।** पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कुल 15 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें से दो दंपतियों के बीच आपसी समझौता करा कर उन्हें साथ रहने के लिए विदा किया गया। पहला मामला थाना खुदागंज क्षेत्र का था। दंपति की शादी करीब एक वर्ष पहले हुई थी और पत्नी पिछले आठ महीने से मायके में रह रही थी। बताया गया कि पति ने अपनी बहन के कहने पर निशानी की अंगूठी बेच दी थी, जिस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया था। परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई गई और समझाने के बाद दोनों साथ रहने को राजी हो गए। दूसरा मामला थाना रोजा क्षेत्र का था। इस दंपति की शादी करीब पांच वर्ष पहले हुई थी। पत्नी ने पति के अत्यधिक शराब पीने और ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट कर घर से निकाल देने की शिकायत की थी। परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई गई, जिसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया और साथ रहने का निर्णय लिया।

# चेयरमैन -प्रधान के बीच संघर्ष में सफाई कर्मियों की एंट्री

## प्रधान के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना गेट पर सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

- **सफाई कर्मियों के हड़ताल पर रहने से नगर में पसरी गंदगी, विपक्ष ने बताया व्यक्तिगत झगड़ा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** चेयरमैन एवं प्रधान पक्ष के लोगों के बीच हुए संघर्ष के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने प्रधान की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शनिवार को हड़ताल कर दी, और थाना गेट पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उधर पूर्व अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल ने व्यक्तिगत झगड़ा बताते हुए अहंकार का आरोप लगाया है।


बिलसंडा थाना गेट पर प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मी

बता दें कि नगर की एक बाइक एजेंसी पर 2 दिन पूर्व चेयरमैन डीके गुप्ता के ममेरे भाई श्यामू उर्फ लाडले से बाइक को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिस के चलते बृहस्पतिवार को नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता अपने कुछ साथियों के साथ गांव रुरिया पहुंचे थे। आरोप है कि प्रधान कालीचरन वर्मा और चेयरमैन पक्ष के लोगों के बीच मारपीट हो गई थी। अध्यक्ष के साथ के लोगों को ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा था। इतना ही नहीं इस घटना में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पथराव किया। जिसमें अध्यक्ष पक्ष के तीन एवं प्रधान पक्ष के भी कई लोग घायल हुए थे। इतना ही नहीं प्रधान कालीचरण की बेटी शिवानी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर घटना के बाद अध्यक्ष पक्ष के लोगों ने थाने पर भी हंगामा किया, और प्रधान पक्ष के लोगों पर कार्यवाही की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने प्रधान कालीचरण समेत तीन लोगों को नामजद करते हुए 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की ।वहीं प्रधान की ओर से भी अध्यक्ष डी के गुप्ता एवं लाडले समेत 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। बता दें कि दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज होने के बाद नगर पंचायत के सफाई कर्मियों एवं कार्यालय स्टाफ ने शनिवार को कामकाज ठप करते हुए थाना गेट पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी कर प्रदर्शन किया। अध्यक्ष एवं प्रधान के बीच हुए संघर्ष में सफाई कर्मियों की एंट्री होने से नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह तप हो गई। इस पर विपक्षी पूर्व अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल ने फेसबुक पर पोस्ट वायरल करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अहंकार ही है ,जो व्यक्तिगत संघर्ष में सफाई कर्मियों को आगे बढ़ाकर नगरवासियों को परेशान किया जा रहा है। उधर सफाई कर्मियों द्वारा प्रदर्शन किए जाने की सूचना पर बीसलपुर की पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान थाने पहुंचीं और अधिशासी अधिकारी शमशेर सिंह एवं अध्यक्ष डीके गुप्ता को बुलाकर वार्ता की, उन्होंने निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# प्रेमी के साथ मिलकर महिला ने रची पति की हत्या की साजिश, बहाने से भेजा घर के बाहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अपने प्रेमी साथ मिलकर एक महिला ने पति की हत्या की ऐसी साजिश रची कि उसको सामन लेने के बहाने घर के बाहर भेज दिया। ताक लगाए महिला के प्रेमी ने महिला के पति पर जानलेवा हमला करते हुए उसे मृत समझ मौके से फरार हो गया।

जनपद शाहजहांपुर के थाना खुटार के गांव कजरा के रहने वाले हरविंदर सिंह पुत्र कपूर सिंह रम्पुरा कोन गुरुद्वारा में ग्रंथी है। बीते रविवार को कढैरचौरा से ग्रंथी हरविंदर सिंह बाइक से वापस गुरुद्वारा जा रहे थे। नदहा गांव के पास पुलिया पर अज्ञात लोगों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। ताबड़तोड़ प्रहार से हरविंदर सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। बरेली के निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए ग्रंथी की पत्नी गुरजीत कौर, उसके प्रेमी कुलदीप सिंह उर्फ सोनी और प्रेमी के साथी राकेश को गिरफ्तार कर लिया। पत्नी ने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर ग्रंथी हरविंदर सिंह को जान से मारने के लिए हमला किया था। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा ने इस जानलेवा हमले की घटना का खुलासा किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसका पिछले छह महीने से कुलदीप सिंह के प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुलदीप उसके घर आता जाता था। इस बात की भनक ग्रंथी हरविंदर सिंह को लग गई थी। उसने विरोध किया। प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे पति को रास्ते से हटाने के लिए पत्नी ने उसकी हत्या करने की योजना बना डाली। गुरजीत कौर ने ही घटना के दिन हरविंदर सिंह को सामान लेने के लिए कढ़ैरचौरा भेजा था। उसके बाद प्रेमी कुलदीप को इसकी जानकारी दे दी। कुलदीप और उसके साथी राकेश ने वरमा से हरविंदर पर हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी हरविंदर को मरा समझकर भाग गए। घायल हरविंदर सिंह अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया। उनके पास हमले में प्रयुक्त किए गए धारदार हथियार भी बरामद हुए हैं।


घटना का खुलासा करते पुलिस क्षेत्र अधिकारी डॉक्टर प्रतीक दहिया

# शहर में यातायात पुलिस सतर्क, 17 पटाखा छोड़ती बुलेट समेत 168 वाहनों के हुए चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण और यातायात नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस सख्त दिखाई दे रही है। शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस ने व्यस्त चौराहे पर तेज आवाज में पटाखों जैसी आवाज निकालते हुए दौड़ रही बुलेट गाड़ियों को पकड़कर टीएसआई ने उनके साइलेंसर ही खुलवा दिए। शुक्रवार को दोपहर नकटादाना चौराहे पर बुलट पर सवार तीन युवक पटाखे की आवाज निकाल रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुलेट का साइलेंसर इस तरह से मॉडिफाई किया गया था कि चलने पर तेज धमाके जैसी आवाज निकल रही थी। इससे सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी हो रही थी। इस दौरान कुछ बुलेट पर नंबर प्लेट भी नहीं लगीं थी। चौराहे पर मौजूद यातायात प्रभारी दरोगा राघवेंद्र सिंह ने बाईकों को रोक लिया और युवकों से कागज दिखाने को कहा, लेकिन युवक कागज नहीं दिखा पाए। जांच में साइलेंसर को अवैध रूप से बदला हुआ पाया गया, जो मोटर वाहन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके बाद टीएसआई ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 17 बुलेट के साइलेंसर ही खुलवा लिए। नियमों के उन्लंघ्न पर यातायात पुलिस की ओर से चालान की कार्यवाही भी करी गया। ट्रैफिक प्रभारी राघवेंद्र का कहना है कि इस तरह के मॉडिफाई साइलेंसर न सिर्फ ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों का ध्यान भटकाकर हादसों की वजह भी बन सकते हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में किसी भी तरह का अवैध संशोधन न कराएं और यातायात नियमों का पालन करें। कार्यवाही के दौरान ट्रैफिक अधिकारी राघवेंद्र, हेड कांस्टेबल संदीप सागर, हेड कांस्टेबल बाबू सिंह आदि मौजूद रहे।


वाहनों को चेक करता है यातायात पुलिस कर्मी

# मेरो खुई गयो बाजू बंद रसिया होली में

## लठ्ठमार फूलों की होली पर महिलाओं ने जमकर किया सामूहिक नृत्य

- **बिलसंडा में पहली बार हुआ महिलाओं का होली मिलन समारोह**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर में महिला विंग्स कमेटी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में हर्षोल्लास के साथ जमकर फूलों की होली खेली गई। सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और गीत संगीत पर जमकर सामूहिक नृत्य किया।

नगर के एक बैंकेट हाल में कमेटी की अध्यक्ष शिवानी जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और होली की शुभकामनाएं भी दीं ।इसके उपरांत जमकर नृत्य हुआ ।होली खेले रघुवीरा अवध में..होरिया में उड़े रे गुलाल...जुलम कर डालो,जुलम कर डालो...काले ने कर दिया लाल जुलम कर डालो, जैसे कई होली गीतों पर महिला मित्र मंडली जमकर थिरकी ।अंत में सभी महिलाओं ने फूलों की जमकर होली खेली और फाल्गुन गीत भी गाए।


बिलसंडा में होली मिलन समारोह में मौजूद महिलाएं

महिलाओं ने बताया कि ऐसे आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य महिला सशक्ति को संगठित करना,उनके अंदर छिपी लज्जा,एवं प्रतिभा को बाहर लाकर सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों में उनकी रुचि बढ़ाना है। क्योंकि अक्सर महिलाएं घर की चहारदीवारी में कैद होकर रह जाती हैं। कार्यक्रम में पूनम, रेनू, हिना, शिवानी, एकता, प्रीति, जुली, डाली, सविता जायसवाल, मोनिका, चांदनी, वंदना, भावना, रंजना, अर्चना गुप्ता, मिथलेश, प्रतिभा सक्सेना, निधि, प्रियंका, शिल्पी, नैना, वर्षा गंगवार, रंजना, रूबी अग्रवाल, प्रीति राठौड़, प्रीति, ममता सिंघल, सारा, तानी, आरती सहित सैकड़ों महिलाओं बच्चों ने भाग लिया।

# चोरी की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** चोरों ने पुलिस और कालोनीवासियों की नींद उड़ाकर रख दी है। वह मौका देखते ही हाथ साफ कर देते हैं। शहर की बल्लभनगर कालोनी में इन दिनों चोरों ने आतंक मचा रखा है। हालांकी पुलिस ने पूर्व की घटनाओं में उचित कार्यवाही कर खोल भी दिया है ।विगत 4मार्च को बल्लभनगर पार्क के सामने अश्वनी कुमार के निमार्णाधीन मकान में चोर घुस गये। चोरों ने वहां से बिजली के तार, पाइप एवं एयर कंडीशनर के तार सहित कई अन्य सामान पर भी हाथ साफ कर दिया ।अश्वनी कुमार थोड़ी दूर पर ही रहकर अपने मकान का निर्माण करवा रहे हैं। उन्होंने घटना की तहरीर सुनगढ़ी थाने में देकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

# तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनसमस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुक्रीर्ति माधव मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 8 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, हालांकि मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका।

शिकायतों के संबंध में संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर मौका मुआयना करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर समस्याओं का समाधान कराएं।



तहसील समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनते जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जनसुनवाई शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे शिकायतकर्ता को दोबारा शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े।

उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व से जुड़े मामलों में जहां पुलिस की आवश्यकता हो, वहां पुलिस प्रशासन को साथ लेकर मौके पर ही निस्तारण कराया जाए। साथ ही जनसुनवाई व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त लेखपालों व कानूनगो को पुलिस से समन्वय बनाकर जमीनी विवादों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम सचिवालयों में जाकर विरासत दर्ज कराने तथा ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी मयंक गोस्वामी, तहसीलदार विदेह सिंह, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार समेत समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विशाल होली मेला धूमधाम से संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन एवं नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय अजय खंडेलवाल की स्मृति में नगर के रामलीला ग्राउंड में विशाल होली मेला एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मथुरा से पधारी रास मंडली ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों को झूमने और तालियां बजाने पर विवश कर दिया।



वहीं पीलीभीत से पधारे सारेगामापा लिटिल चैंप के फाइनलिस्ट क्षितिज सक्सेना ने अपनी सुरीली आवाज और शानदार गीतों से उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। रास मंडली द्वारा प्रस्तुत मयूर नृत्य, दीपक नृत्य, लट्ठमार होली, फूलों की होली तथा राम दरबार की आकर्षक झांकियों ने दर्शकों को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया।

# काले चश्मों को आंखों में चढ़ा गुमान में डूबे यातायात कर्मी, चौराहों पर यातायात व्यवस्थाएं धड़ाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बीते शुक्रवार को 17 बुलेट मोटरसाइकिल पर छूट रहे पटाखों समेत 168 वाहनों का चालान किया गया था। यातायात पुलिस ने अपनी इस कार्यवाही पर वाहवाही लूटने पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। यह तस्वीरें उस चौराहें की हैं जहां रोडवेज की बसें खड़ी करने पर पूरी पाबंदी हैं।

वह यातायात पुलिस जिसको न सिर्फ आम जनता को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाना चाहिए बल्कि यातायात व्यवस्था का सुधार भी करना चाहिए वह कुर्सियों पर काले चश्मों को आंखों पर सजाए दिखाई दी। बीते दिन पूर्व जब कार्यवाही करी गई तो 17 बुलेट धारियों के साइलेंसर भी खोले गए। नौगवां चौराहे पर जाम से जूझ रहे किसी व्यक्ति ने जब इसकी शिकायत ट्रैफिक प्रभारी से करी तो यह मुस्तैद भी हो गए। मामला शहर के उस नौगवां चौराहे का हैं जहां बीते दिनों पूर्व इन्हीं अव्यवस्थाओं के चलते पुलिसकर्मियों से मारपीट भी हुई थी। ब्रिज के नीचे बैठे यातायात के पुलिस कर्मियों ने चौराहों पर ई रिक्शों और अव्यवस्थाओं पर ध्यान देने की भी हिमाकत नहीं करी। इस दौरान एक निजी स्कूल की छुट्टी भी हुई थी तो स्कूल के अध्यापक शहर की मुख्य सड़क पर खड़े वह जिम्मेदारी निभा रहे थे जो इन यातायात कर्मियों को निभानी चाहिए थी। सारी तस्वीरें कैमरों में कैद होने के बाद यातायात निरीक्षक भी सिर्फ इतना ही कह सके कि मैं दिखवाता हूं। अब ट्रैफिक इंस्पेक्टर से प्रश्न जनता सिर्फ इतना ही पूछ रही है कि कब तक उसको इन अव्यवस्थाओं का शिकार होना पड़ेगा? क्या सिर्फ वाहनों के चालान कर के व्यवस्था सुधर सकती हैं?


चौराहे पर जाम, नदारद पुलिस

# समाजवादी पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुँचाने का लिया गया निर्णय

- **धूमधाम से मनाई जाएगी मान्यवर काशीराम जयंती - जगदेव सिंह जग्गा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी की एक मासिक बैठक का आयोजन केजीएन कालोनी स्थित कार्यालय में हुआ। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी कार्यकताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर कार्य करने का आव्हान किया ।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान, पिछड़े और वंचित समाज की आवाज बनकर संघर्ष करती रही है।


बैठक को सम्बोधित करते फूल बाबू

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और समाजवादी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं सुनकर उसका निदान ही समाजवादी पार्टी का मुख्य लक्ष्य है ।उन्होंने मान्यवर काशीराम जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाने को लेकर पदाधिकारिओं और कार्यकताओं से कहा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू ने भी कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह राजनीतिक शक्ति है जो देश और प्रदेश में सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारा और विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता समाजवादी विचारधारा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है।

बैठक का संचालन हाजी इम्तियाज अल्वी ने किया ।इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, बीडी प्रजापति, रूपराम कश्यप, सयुस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, गयासुद्दीन मंसूरी, शरफुद्दीन नूरी, कुलवंत सिंह, संजय खान, मो. नाविर अली मंसूरी, बलकार सिंह, पलविंदर सिंह, रियाज खान, संदीप सक्सेना, अमर सिंह, सैय्यद रेहान कादरी, गुरदीप सिंह, देवनन्दन प्रजापति, लखविंदर सिंह, राकेश यादव, भगवानदीन वर्मा, रामस्वरूप पाल वर्मा, अकील खान, शखावत अली, पुनीत कुमार, डॉ मो.यूसुफ, राममूर्ति वर्मा, महेश पटेल, रमेश सिंह, आसिफ खान, हरगोविंद गंगवार,नरेंद्र गिरि,जमाल शाह, मो.रजा अंसारी, नफीस अहमद सभासद, निरंजन गंगवार, मो.जफर अंसारी, राकेश कुमार वर्मा, अमित पाठक,केके पाल, शांतिस्वरूप वर्मा,ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, आशीष कुमार एडवोकेट,फैज अहमद,रमेश राजा,अफजल हुसैन,विपिन कुमार,निजाकत अली,मो.उमर,मुजाहिद इस्लाम,मो.नाजिर खान, फिरासत नूर खान,नाजिर खान,मो.सादिक,शकील खान आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इतिहास रचने के लिए न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा भारत को

एजेंसी

अहमदाबाद। बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के फाइनल में इतिहास रचने की उम्मीदों का बोझ होगा, भले ही सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है।

दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था। केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी थी। अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। एक कुशल बल्लेबाज और चतुर कप्तान




सूर्यकुमार न केवल कप्तान के रूप में अपनी खुद की विरासत बनाने के लिए उत्सुक होंगे, बल्कि वह 19 नवंबर 2023 की पीड़ा को भी खत्म करना चाहेंगे। सूर्यकुमार और उनके साथी ठीक 364 दिन पहले नौ मार्च, 2025 को भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की लगभग इसी टीम के खिलाफ मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। भले ही वह टूर्नामेंट 50 ओवर का था। सूर्यकुमार उस टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दुबई में मिली उस एकतरफा जीत से उन्हें हौसला मिल सकता है। फाइनल जीतने के लिए साहस के अलावा किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। खेल एकदम 'परफ़ेक्ट' होना जरूरी नहीं है, लेकिन सही समय पर सही चीजें होनी चाहिए। मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की जीत तब लगभग तय हो गई थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारत रविवार को न्यूजीलैंड की ऐसी किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारत को अब तक इस टूर्नामेंट में किस्मत का साथ मिला है। अगर वह खिताब जीत जाता है तो उन्हें सराहना मिलेगी लेकिन अगर वह हार जाते हैं तो फिर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है। सूर्यकुमार ने पिछले दो वर्षों में टीम का बहुत अच्छी तरह से नेतृत्व किया है, भले ही एक बल्लेबाज के रूप में वह उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए। रविवार का दिन उनके करियर के लिए निर्णायक क्षण होगा। अगर उनकी टीम खुशगवार मौसम में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उनकी सारी नाकामियां पल भर में भुला दी जाएंगी। लेकिन भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि किसी भी दिन फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना जानते हैं। मिचेल सैंटनर या ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ी जानते हैं कि एक मजबूत टीम के खिलाफ किस तरह से चुनौती का सामना करना होता है। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा खतरा 'अहमदाबाद का सरदार' होगा। इस सरदार का नाम जसप्रीत बुमराह है। फाइनल में बुमराह के चार ओवर एक बार फिर दोनों टीमों के बीच निर्णायक साबित हो सकते हैं। इंग्लैंड को सेमीफाइनल में इसका कड़वा अनुभव हुआ था। भारत के महानतम तेज गेंदबाज को ज्यादातर विपक्षी टीम की पारी के आखिर में इस्तेमाल किया जाता रहा है, लेकिन रविवार को यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह सेमीफाइनल में 33 गेंदों में 100 रन बनाने वाले एलन के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे या नहीं।

# अगरकर के तीन साल: आंकड़ों से परे जाकर कड़े फैसले लेने में माहिर

एजेंसी

अहमदाबाद। अजीत अगरकर ने जब भारत की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष का पदभार संभाला, तो परिस्थितियां काफी भिन्न थीं। अगरकर को चेतन शर्मा की जगह पर यह पद सौंपा गया था। शर्मा को एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पाया गया था जिसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। अगरकर के तीन साल के कार्यकाल में काफी कठिन और साहसिक फैसले किए गए जिनके अनुकूल परिणाम निकले।

चयनकर्ता विकेटकीपर की तरह होता है। अच्छे कैच पर भले ही हल्की-फुल्की तालियां बजें, लेकिन अचानक गेंद छूट जाने पर तीखी आलोचना होगी। अगरकर के सफर में भी इस खास तरह की समरूपता है। जब 2020-21 में चयन समिति के अध्यक्ष का पद खाली हुआ था, तब अगरकर के आवेदक होने के बावजूद चेतन शर्मा ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। आखिर में उन्हें 2023 में यह पद मिल




गया और इसके बाद अपने फैसलों के कारण वह सुर्खियों में रहे। भारत की चयन समितियों के व्यापक इतिहास में विशेष रूप से दिलीप वेंगसरकर और कृष्णमाचारी श्रीकांत के प्रभावशाली कार्यकाल के बाद अगरकर निस्संदेह सबसे चर्चित अध्यक्षों में से एक रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में भारतीय टीम ने आईसीसी के चार टूर्नामेंट (2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप) के फाइनल में जगह बनाई है। अगर भारत फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो यह उसकी पिछले तीन साल में तीसरी जीत होगी। टीम की जीत पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सराहना मिलती है लेकिन वैश्विक टूर्नामेंटों के लिए टीमों को आकार देने में चयनकर्ताओं की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अगरकर के कार्यकाल में ऐसे कई फैसले लिए गए जिनमें आलोचनाओं का सामना कर सकने वाले दृढ़ विश्वास की जरूरत थी। हार्दिक पंड्या की जगह पर सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम का कप्तान नियुक्त करना एक ऐसा ही फैसला था। वनडे कप्तान के पद से बेहद सफल और पसंदीदा रोहित शर्मा को हटाने का निर्णय कहीं अधिक संवेदनशील था। इन दोनों मामलों में अगरकर ने चुप्पी साधने की कोशिश नहीं की। उन्होंने इसका डटकर सामना किया और मुश्किल फैसलों के लिए होने वाली आलोचनाओं को भी स्वीकार किया। अगर सिर्फ आंकड़े ही मापदंड होते तो हर क्रिकेट प्रेमी अपनी पसंद की टीम चुन सकता था। लेकिन चयन इतना आसान नहीं होता।

# वरुण को 'बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ' गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है: चावला

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला का मानना है कि रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टी20 विश्व कप के पिछले दो मैचों में 'बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ' गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है। पिछले दो मैच में चक्रवर्ती का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 40 रन देकर एक विकेट जबकि इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर एक विकेट लिया। यह देखना बाकी है कि भारत रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले फाइनल में चक्रवर्ती को टीम में बनाए रखता है या उनकी जगह कुलदीप यादव को लेता है। चावला ने जिओ स्टार से कहा, ''मुझे लगता है कि कभी-कभी जब आप हताश हो जाते हैं या



जब आप बहुत सारे प्रयोग करने की कोशिश करते हैं। आप आखिर में बहुत फुल लेंथ की गेंदें फेंकने लगते हैं और वरुण के साथ भी ठीक यही हो रहा है। उन्होंने कहा,''उनका मजबूत पक्ष उस मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करना है जो किसी स्पिनर के लिए अनुकूल होती है। उन्हें उस लेंथ पर गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए जिस लेंथ पर तेज गेंदबाज करते हैं। एक स्पिनर के लिए अच्छी लेंथ वही होती है जहां से उसे घुटने की ऊंचाई तक उछाल मिले। चावला ने कहा, ''उनकी गति के कारण अगर बल्लेबाज उनके हाथ की स्थिति को देखकर गेंद का अनुमान नहीं लगा पाता है तो उसे खेलना मुश्किल हो जाता है क्योंकि उनकी गति अच्छी है। भारत के लिए 25 वनडे, तीन टेस्ट और सात टी20 मैच खेल चुके 37 वर्षीय चावला ने कहा कि चक्रवर्ती जब अपनी लेंथ से चूक जाते हैं तो उनकी गेंदों पर रन बनने लग जाते हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन जब आप थोड़े समय के लिए अपनी लेंथ पर गेंदबाजी नहीं कर पाते हैं तो आप प्रयोग करने लग जाते हैं। पिछले कुछ मैचों में वरुण चक्रवर्ती के साथ यही हो रहा है। वह या तो बहुत फुल लेंथ गेंद फेंक रहे हैं या बहुत शॉर्ट लेंथ की। इस तरह की गति के साथ जब पिच पर पर्याप्त उछाल नहीं होता है तो बल्लेबाज के लिए खेलना आसान हो जाता है।

# महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा भारत को

एजेंसी

हैदराबाद। अनुभवी कोच शोर्ड मारिन के टीम से जुड़ने के बाद उत्साह से भरी भारतीय टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ क्वालीफायर में उरुग्वे के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करके अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत करने की कोशिश करेगी। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया विश्व कप के तीन स्थानों के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट में विश्व कप के तीन स्थान दांव पर लगे होने का मतलब है कि पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसी दौरान इन दोनों देशों में पुरुष विश्व कप भी खेला जाएगा। यह मारिन की मुख्य कोच के रूप में पहली जिम्मेदारी



होगी। नीदरलैंड के इस कोच 2021 के तोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम के ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने के बाद पद छोड़ दिया था और अब वह वापसी कर रहे हैं। भारत इस समय विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में सातवें नंबर की टीम इंग्लैंड के बाद दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। भारत की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, ''हम अपने प्रशंसकों के सामने घरेलू मैदान पर क्वालीफायर खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए कड़ी तैयारी की है क्योंकि हम जानते हैं कि दांव पर क्या लगा है। यहां हर टीम विश्व कप में जगह बनाने के लिए खेल रही है, इसलिए हम शुरुआत से ही कड़े मुकाबलों की उम्मीद कर रहे हैं। विश्व रैंकिंग के हिसाब से देखें तो भारत उरुग्वे के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार है। इसके बाद भारतीय टीम नौ मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से भिड़ेगी। इसी बीच दिन के अन्य मैचों में इंग्लैंड का मुकाबला इटली से, कोरिया का ऑस्ट्रिया से और स्कॉटलैंड का वेल्स से होगा। क्वालीफायर में टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है, जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स पूल बी में हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक मैच के विजेता को विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। आगामी विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में 16 टीमें भाग लेंगी। इनमें से प्रत्येक वर्ग में नौ टीमें पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। भारत अभी तक महिला विश्व कप में आठ बार भाग ले चुका है। उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में पहले विश्व कप में रहा था जब उसने चौथा स्थान हासिल किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### लक्ष्य ने शिफेंग को हराकर ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**बर्मिंघम।** भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीन के पूर्व चैंपियन ली शिफेंग को सीधे गेम में हराकर 1,450,000 डॉलर इनामी ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व के 12वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी सेन ने चीन के विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी शिफेंग को ठीक एक घंटे में 21-13, 21-16 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला कनाडा के विक्टर लाई से होगा, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के कोकी वातानाबे को 18-21, 21-17, 21-15 से पराजित किया। यह इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में लक्ष्य का तीसरा सेमीफाइनल है। वह 2022 में यहां उपविजेता रहे थे। लक्ष्य ने मैच के बाद कहा, ''मैं दोनों गेम में अपने प्रदर्शन से खुश हूं। शिफेंग को भी श्रेय जाता है, उन्होंने वाकई शानदार खेल दिखाया। कुछ लंबी रैलियां चली, हम दोनों थक रहे थे, लेकिन लंबी रैलियों के बाद भी जिस तरह से मैं डटा रहा, उससे मैं खुश हूं। उन्होंने कहा, ''मेरे कोच भी यही कह रहे थे कि लंबी रैलियों के बाद अतिरिक्त तैयारी रखो क्योंकि वह भी थक जाता है, इसलिए गलती करने से बचो। लक्ष्य ने पहले गेम में आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और जल्द ही 4-1 की बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने आक्रामक और सकारात्मक खेल दिखाते हुए अपनी बढ़त 10-4 तक पहुंचा दी। इंटरवल तक वह 11-6 से आगे थे। इसके बाद हालांकि लक्ष्य को शिफेंग के शक्तिशाली ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को समझने में थोड़ी देर के लिए संघर्ष करना पड़ा, फिर भी उन्होंने अपना नियंत्रण बनाए रखा और 15-11 से आगे निकल गए। शिफेंग ने अंतर को 13-15 तक कम कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने फिर से लय हासिल कर ली और एक नेट कॉर्ड की मदद से 18-13 से आगे हो गए। उन्होंने इसके बाद 24 मिनट में पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने लक्ष्य के हर अंक का मुकाबला किया, जिससे स्कोर 6-6 हो गया। लक्ष्य ने इसके बाद दो अंकों की बढ़त हासिल कर ली, लेकिन शिफेंग ने एक शानदार क्रॉसकोर्ट स्मैश जमाया और भारतीय खिलाड़ी की बैकलाइन की गलती का फायदा उठाकर स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। लक्ष्य ने हालांकि इंटरवल तक एक अंक की मामूली बढ़त हासिल कर ली थी। दोनों खिलाड़ियों के बीच इसके बाद कड़ा मुकाबला देखने को मिला। शिफेंग ने एक करारे स्मैश से स्कोर को 12-13 कर दिया। लक्ष्य ने हालांकि एक बेहतरीन डिफेंसिव बैकहैंड रिटर्न की मदद से अपनी बढ़त 17-13 कर दी। शिफेंग ने 15-19 से पिछड़ने के बाद 45 शॉट की रैली जीतकर अपनी उम्मीदें जीवंत रखीं, लेकिन लक्ष्य ने जल्द ही वापसी करते हुए मैच प्वाइंट हासिल कर लिया। शिफेंग का शॉट बाहर जाने से लक्ष्य ने जीत हासिल कर ली।

### फिट इंडिया का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला कार्निवल शुरू

**नयी दिल्ली।** फिट इंडिया मूवमेंट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्निवल शुरू किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम की थीम 'मजबूत महिलाएं, मजबूत राष्ट्र' है। इसमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और दिल्ली पुलिस जैसे भारत के सशस्त्र बलों और सुरक्षा सेवाओं से जुड़ी 500 से अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं। इसमें फिटनेस गतिविधियों और खेलों के माध्यम से महिलाओं की ताकत, लचीलेपन और नेतृत्वक्षमता को उजागर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में कई प्रख्यात हस्तियों ने भाग लिया और फिटनेस, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। इनमें पैरालंपिक पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार पाने वाली प्रीति पाल, प्रसिद्ध पोषण विशेषज्ञ निधि निगम और तन्वी तुतलानी, उद्यमी युक्ति आर्य, ध्यान विशेषज्ञ निवेदिता श्रेयंस, योग विशेषज्ञ दिव्या आहूजा और पंखुड़ी श्रीवास्तव, फिजियोथेरेपिस्ट गरिमा बिस्वास और फिट इंडिया चैंपियन टिम्सी बेक्टर शामिल थीं। प्रीति पाल ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''जब मैंने खेल में अपने करियर की शुरुआत की, तो कई लोगों ने कहा कि मैं कुछ भी हासिल नहीं कर पाऊंगी। मैंने उन आलोचनाओं को प्रेरणा में बदल दिया। उन्होंने कहा, ''मैंने ठान लिया था कि अगर वह मानते हैं कि मैं कुछ नहीं कर सकती तो मैं साबित कर दूंगी कि मैं बहुत कुछ कर सकती हूं। हमेशा याद रखें कि हम महिलाएं हैं और हम कुछ भी हासिल कर सकती हैं, कभी किसी को यह न कहने दें कि आप अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकतीं।

# अबूधाबी के बजाय दक्षिण अफ्रीका में अभ्यास करेगी इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के कारण सुरक्षा चिंताओं के चलते आगामी श्रृंखलाओं की तैयारी के लिए अबूधाबी के बजाय दक्षिण अफ्रीका में अभ्यास शिविर में भाग लेगी। इंग्लैंड की 30 सदस्यीय टीम प्रिटोरिया में अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी जहां वह 10 से 27 मार्च के बीच आपस में ही पांच मैच खेलेगी। इसके लिए 15-15 खिलाड़ियों की दो टीम तैयार की गई हैं। टीमों के नाम इंग्लैंड की दो महान खिलाड़ियों जेन ब्रिटिन और राचेल हेहो फ्लिंट के नाम पर रखे गये हैं। यह दोनों घरेलू धरती पर विश्व कप जीतने वाली टीमों की सदस्य थीं। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट टीम ब्रिटिन की कप्तानी करेंगी, जिसके कोच डरहम के पूर्व बल्लेबाज और इंग्लैंड की महिला टीम के सहायक कोच जॉन लुईस होंगे।




उपकप्तान चार्ली डीन टीम हेहो फ्लिंट की कप्तानी करेंगी। यह टीम सहायक कोच ल्यूक विलियम्स टीम के मार्गदर्शन में खेलेगी। मुख्य कोच शार्लोट एडवर्ड्स शिविर के दौरान दोनों टीमों पर निगरानी रखेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा है कि आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए उन्हें इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी दावेदारी मजबूत करनी होगी। एडवर्ड्स ने विज्ञप्ति में कहा, ''शिविर में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के लिए यह बड़ा अवसर है कि वे अपनी काबिलियत साबित करके यह दिखाएं कि वे हमारी विश्व कप योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह इस साल दक्षिण अफ्रीका में इंग्लैंड का दूसरा अभ्यास शिविर होगा। इंग्लैंड 12 जून से पांच जुलाई तक होने वाले टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलेगा। इसके बाद भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में एक महिला टेस्ट मैच भी खेला जाएगा। हेहो फ्लिंट टीमः एम अर्लाट, टैमी ब्यूमोंट, टिली कोर्टीन-कोलमैन, चार्ली डीन (कप्तान), सोफी एक्लेस्टोन, महिका गौर, डैनी गिब्सन, जोडी ग्रूकोक, एमी जोन्स, हीदर नाइट, एम्मा लैम्ब, ग्रेस पॉट्स, ग्रेस स्क्रिवेंस, एलेक्सा स्टोनहाउस, डैनी वायट-हॉज। टीम ब्रिटिनः लॉरेन बेल, माइया बूचियर, एलिस कैप्सी, सोफिया डंकले, लॉरेन फिलर, फ्रेया केम्प, चारिस पावेली, डेविना पेरिन, पेज स्कोलफील्ड, नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), लिन्से स्मिथ, रियाना साउथबी, एली थ्रेलकेल्ड, मैडी विलियर्स, इस्सी वोंग।

# रूसी ध्वज की वापसी, ईरान युद्ध और बहिष्कार के बीच शीतकालीन पैरालंपिक खेल शुरू

एजेंसी

वेरोना (इटली)। मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के तनाव के बीच मिलान कोर्टिना शीतकालीन पैरालिंपिक खेल शुक्रवार को शुरू हो गए गया जिसमें कुछ देशों ने वैश्विक खेल मंच पर रूसी ध्वज की वापसी के कारण उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। उद्घाटन समारोह में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रों की परेड में रूस के ध्वज की वापसी हुई। यह सोची में 2014 के शीतकालीन खेलों के बाद पहला अवसर है जबकि पैरालंपिक खेलों में रूस का ध्वज फहराया गया। इससे लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों से पहले रूस की ओलंपिक जगत में पूर्ण वापसी की संभावना बढ़ गई है। परेड के दौरान रूस के खिलाड़ी मंच पर आए तो कुछ दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। चमकीले लाल रंग की पोशाक पहने चार खिलाड़ियों ने रूस का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एरिना डि वेरोना में परेड करते हुए दर्शकों का अभिवादन किया। रूस के 2022 में यूक्रेन पर हुए आक्रमण के बाद पहली बार किसी बड़ी वैश्विक खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर उसका राष्ट्रगान बजाया जा सकता है। रूस के खिलाड़ियों पर शुरू में सरकार प्रायोजित डोपिंग कार्यक्रम के कारण प्रतिबंध लगाया गया था जो आक्रमण के बाद भी जारी रहे। यूक्रेन के नाम की घोषणा होने पर तालियां बजीं, लेकिन समारोह का बहिष्कार करने के कारण उसके किसी भी खिलाड़ी ने परेड में हिस्सा नहीं लिया। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के अनुसार छह अन्य देशों ने राजनीतिक कारणों से समारोह में भाग न लेने की योजना बनाई थी। इनमें चेक गणराज्य, एस्टोनिया, फिनलैंड, लातविया, पोलैंड और लिथुआनिया शामिल हैं। रूस के करीबी सहयोगी बेलारूस के ध्वज की भी वापसी हुई है जिसके दो खिलाड़ियों ने खचाखच भरे एरेना डि वेरोना में परेड में भाग लिया।

# अमेरिका ने भारत को समुद्र में फंसा तेल लेने, बाज़ार में जल्द उतारने की अनुमति दी: राइट




एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी प्रशासन ने कहा कि वह अपने मित्र देश भारत को दक्षिण एशिया के समुद्री क्षेत्रों में जहाजों पर मौजूद रूसी तेल को खरीदने, उसका शोधन करने और बाजार में जल्द से जल्द उतारने की अनुमति दे रहा है। ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि तेल की कीमतों को कम रखने के लिए यह अल्पकालिक उपाय किया गया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा, ''हमने ऐसे छोटे अवधि के कदम उठाए हैं ताकि तेल की कीमतें कम बनी रहें। हम भारत को समुद्र में पहले से मौजूद तेल लेने, उसका शोधन करने और बाज़ार में जल्दी बेचने की अनुमति दे रहे हैं। यह आपूर्ति बनाए रखने और दबाव कम करने का व्यावहारिक तरीका है। एबीसी न्यूज़ लाइव को दिए साक्षात्कार में राइट ने बताया कि लंबी अवधि के लिए तेल की आपूर्ति पर्याप्त है और इसमें कोई चिंता नहीं है। लेकिन अल्पकालिक रूप से तेल को बाज़ार में लाना जरूरी है। उन्होंने कहा, ल्ल होर्मुज जलडमरूमध्य से आने वाली आपूर्ति में थोड़ी बाधा के कारण तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। दक्षिण एशिया के आसपास बहुत सारा रूस का तेल समुद्र में फंसा हुआ है, खासकर चीन के पास। चीन अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता, इसलिए कई बैरल बस वहीं रुके हैं। हमने भारत से कहा, 'इस तेल को खरीदें और अपनी रिफाइनरी में लाएं'। इससे तुरंत तेल भारतीय रिफाइनरी में पहुंचेगा और दुनिया के अन्य रिफाइनरी कंपनियों पर दबाव कम होगा।

# भारत को हुए तेल निर्यात का आंकड़ा सार्वजनिक नहीं करेंगे: रूस

एजेंसी

मॉस्को। रूस ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत को किए जाने वाले कच्चे तेल निर्यात के आंकड़े सार्वजनिक नहीं करेगा और इसे 'बहुत से बुरा चाहने वालों' से छिपाकर रखेगा।

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने यह टिप्पणी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के उस बयान के बाद की जिसमें पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की अस्थायी छूट देने की बात कही गई है।

पेसकोव ने भारत को दिए गए तेल के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''नहीं, हम साफ वजहों से मात्रा का कोई आंकड़ा नहीं देने जा रहे हैं। यह पहली बात है। बुरा चाहने वाले बहुत लोग हैं। उनसे भारत की मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी, जिनमें कहा गया था कि रूस एक सप्ताह में भारत




को 2.2 करोड़ बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति करने में सक्षम है। इससे पहले रूस के सरकारी टेलीविजन ने बृहस्पतिवार को एक मानचित्र जारी किया था, जिसमें अरब सागर से बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ते कई टैंकर दिखाए गए थे। ये टैंकर कथित तौर पर भारत के पूर्वी तट पर स्थित रिफाइनरी की ओर जा रहे थे। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि उनका देश भारत और चीन को कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए तैयार है, क्योंकि अमेरिका-इजराइल हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल परिवहन लगभग बाधित हो गया है।

# जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई: अखिलेश यादव

## दिनोदिन बढ़ रहा समाजवादी पार्टी का कुनबा, रोहित पांडे ने सैकड़ों समर्थकों के साथ ग्रहण की सपा की सदस्यता

### पूर्व डीआईजी समेत सैकड़ों लोग सपा में हुए शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में रोहित पांडे ने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी का दामन थामा है। इसके अलावा पूर्व डीआईजी राम शरद राम, अंकित सिंह, डीएनएस यादव भी सपा में शामिल हुए। उधर रोहित पांडे के सपा में आने से पूर्वांचल में सियासी हलचल तेज हो गई है।


सदस्यता ग्रहण कराने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सपा अध्यक्ष ने नए साथियों का स्वागत करते हुए महंगाई पर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि घरेलू रसोई गैस के दाम में 60 रुपए की बढ़ोत्तरी ने आम आदमी के बजट को बिगाड़ दिया है। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार का महंगाई पर कोई नियंत्रण ही नहीं रह गया है। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि ल्लजब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई।



श्री यादव ने कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कानपुर घटना का जिक्र कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल उठाए। सपा सुप्रीमो ने सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि एक्सप्रेस-वे, लैपटॉप और रिवर फ्रंट, थर्मल प्लांट जैसे बड़े काम सपा सरकार में हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि ल्लविदाई से पहले ही घूमने निकल गएङ्क। बीजेपी के गाने पर सपा प्रमुख ने आपत्ति जताते हुए कहा कि इस प एफआईआर कराई जाएगी। इस मौके पर पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश की सबसे भ्रष्ट सरकारः शिवपाल

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा का माहौल पूरी तरह से बनता जा रहा है। हम सब लोगों की जिम्मेदारी है कि इस सरकार बहुत जल्दी हटा देना है। नौ साल में गड्ढों के नाम पर पैसा लूटा गया, गड्ढे आजतक नहीं भरे गए हैं। 70 परसेंट तो सीधा सीधा बजट का हिस्सा इस सरकार ने ले लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की सबसे भ्रष्ट सरकार है।




## लखनऊ जं0 स्टेशन के कैबवे पर हैरिटेज़ स्टीम इंजन 'ऐरावत' स्थापित




जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के लखनऊ जं0 स्टेशन के कैबवे पर हैरिटेज़ स्टीम इंजन 'ऐरावत' स्थापित किया गया। यह इंजन स्टेशन परिसर की सुंदरता को बढ़ा रहा है। कैबवे साइड पर इंजन के स्थापित होने से यह स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यात्री यहॉ पर इंजन के रुप में रेलवे की विरासत को देखने के साथ ही उसकी छवि को अपने कैमरों में भी कैद कर रहें है। यह विंटेज स्टीम लोकोमोटिव 1926 में नौतनवा ब्रांच लाइन की 14 मील लंबी नैरो-गेज ट्राम लाइन पर लक्ष्मीपुर स्टेशन से नागवा और सोनारी जंगल की ओर चलने के लिए उपयोग किया गया था। इसका उपयोग वन उत्पादों के परिवहन के लिए किया जाता था और इसने 1982-83 में परिचालन बंद होने से पहले दशकों तक कुशलतापूर्वक सेवा दी। यह इंजन इंग्लैंड की जॉन फाउलर - कम्पनी के द्वारा निर्मित किया गया था।

## आदित्य और आयुषी ने रोशन किया आशियाना का नाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में आशियाना के वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्य प्रकाश उपाध्याय के बेटे आदित्य हृदय उपाध्याय और बेटी आयुषी उपाध्याय ने सफलता प्राप्त करके आशियाना का ही नहीं प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। आदित्य को 154वीं रैंक और बेटी आयुषी को 361वीं रैंक मिली है। आदित्य को आईपीएस और बेटी आयुषी को आईआरएस मिला है। इन दोनों सफल युवाओं का कहना है लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से पढ़ने पर सफलता हासिल होती है। एक परिवार से सफल हुए बेटा बेटी ने इस सफलता का श्रेय माता पिता के साथ शिक्षकों को दिया है। आशियाना के सेक्टर जे रेलनगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि बेटे आदित्य हृदय उपाध्याय ने आईआईटी रुड़की से 2021 में पास आउट होने के बाद पहले प्रयास में वह सफल नहीं हो पाए थे। दूसरे प्रयास में उन्हें 416वीं रैंक तीसरे प्रयास में 293वीं रैंक और चौथे प्रयास में 154वीं रैंक मिली है। इनका पसंदीदा विषय गणित रहा है। इन्होंने प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ पब्लिक स्कूल से प्राप्त की है। इसी प्रकार बेटी आयुषी उपाध्याय ने दिल्ली के नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से बी ए, एलएलबी करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी प्रारंभ की थी। पहले प्रयास में इंटरव्यू तक पहुंचने के बाद भी वह सफल नहीं हो पाई थी। उन्होंने असफल होने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी और प्रयास में लगी रही। वर्ष 2025 में हुई सिविल सेवा परीक्षा के दूसरे प्रयास में उन्हें 361वीं रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता के बेटे आदित्य और बेटी आयुषी का कहना है कि सही दिशा में मेहनत करने से सफलता हासिल की जा सकती है। इन्होंने बताया कि रैंक सुधारने के लिए उनका प्रयास अभी भी जारी रहेगा।

## भाजपा द्वारा सभी विधानसभाओं में मंडल स्तर पर दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ ।भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा सभी विधानसभाओं में मंडल स्तर पर दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर के विभिन्न सत्रों में पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान, संगठनात्मक कार्यप्रणाली और सरकार की उपलब्धियों पर मुख्य वक्ता द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशालाओं में पूरब विधानसभा के मंडल दो में राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा,



सरोजनी नगर विधानसभा के मंडल एक में राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, उत्तर विधानसभा के मंडल एक में विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, उत्तराखंड पूर्व महामंत्री एवं लखनऊ जोन प्रभारी राजू भंडारी, पश्चिम विधानसभा के मंडल एक प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, मध्य विधानसभा के मंडल तीन में अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया । विधायक ओपी श्रीवास्तव पूर्व विधानसभा में उपस्थित रहे। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर से प्रशिक्षित कार्यकर्ता अपने-अपने मंडलों में जाकर बूथ स्तर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे, जिससे संगठन की जड़ें और मजबूत होंगी. कार्यपद्धति, सोशल मीडिया और डिजिटल एप पर प्रशिक्षण- भाजपा की कार्यपद्धति पर विस्तार से जानकारी दी गई हैं साथ ही बूथ प्रबंधन में मन की बात, टिफिन बैठक, बूथ स्तरीय कार्यक्रम पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण मेंटी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (इक्र) के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी भी दी गई। कार्यकर्ताओं को इक्र का उपयोग करके सोशल मीडिया सामग्री तैयार करने, भाषण लिखने, अनुवाद करने और जानकारी को व्यवस्थित करने के तरीके बताए गए।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0– 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।